महानगर नई दिल्ली बुधवार 12 जून, 2019, रु. 5.00 (16 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

# पत्रकार की तत्काल रिहाई का आदेश

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 जून।


सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पत्रकार प्रशांत कनौजिया को तत्काल जमानत पर रिहा करने का आदेश देते हुए कहा कि स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार पवित्र है और इससे समझौता नहीं किया जा सकता। इस दौरान पत्रकार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। कनौजिया को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणियां करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

शीर्ष अदालत ने योगी के बारे में प्रशांत की पोस्ट के लिए उसकी आलोचना भी की और कहा कि वह इससे सहमत नहीं है। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी के अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह पत्रकार को जमानत दे रही है क्योंकि वह शासन द्वारा स्वतंत्रता के अधिकार से वंचित करने की कार्रवाई को अस्वीकार करती है। पीठ ने कहा– एक नागरिक की स्वतंत्रता का अधिकार पवित्र है और इससे समझौता नहीं किया जा सकता। यह संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार है और शासन द्वारा इसका अतिक्रमण नहीं किया जा सकता। कनौजिया ने कथित रूप से एक वीडियो ट्विटर और फेसबुक पर साझा किया था, जिसमें लखनऊ में मुख्यमंत्री कार्यालय के बाहर कुछ मीडिया संगठनों के संवाददाताओं के सामने एक महिला बात कर रही थी और उसका दावा था कि उसने योगी आदित्यनाथ के पास शादी का प्रस्ताव भेजा था।

इसके बाद लखनऊ के हजरतगंज थाने में एक सब इंसपेक्टर ने शुक्रवार की रात कनौजिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया बाकी पेज 8 पर

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार से समझौता नहीं किया जा सकता

**पत्रकार** के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी



### टीवी चैनल का एंकर गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर टीवी पर चर्चा के दौरान कथित रूप से मानहानिकारक टिप्पणी करने के मामले में एंकर अंशुल कौशिक को सोमवार देर शाम नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह तीसरी गिरफ्तारी है।

# पश्चिमी विक्षोभ दिलाएगा दिल्ली को गरमी से राहत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 जून।

भीषण गरमी से झुलस रही दिल्ली में मौसम का मिजाज अगले 24 घंटों में बदलने के संकेत हैं। जम्मू-कश्मीर और आसपास के पहाड़ी इलाकों में मंगलवार से सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से उत्तर की ओर चली दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के साझा असर की वजह से राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली सहित समूचे पश्चिमी भारत में भीषण गरमी से राहत मिलने की उम्मीद है।

पूरे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सोमवार को अब तक का सर्वाधिक 48 डिग्री और राजस्थान के चुरु में 50 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। मंगलवार को दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई और बादलों की मौजूदगी से तीखी धूप से भी कुछ राहत मिली। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटे में राजधानी और आसपास के लोगों को गरमी से और राहत मिलने की संभावना है।

भारतीय मौसम विभाग के उत्तर क्षेत्र की पूर्वानुमान इकाई के प्रमुख वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ भी उत्तर-पश्चिमी भारत को प्रभावित कर रहा है। इसकी वजह से 48 घंटों तक जम्मू-कश्मीर के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी और निचले पहाड़ी इलाकों में तेज बारिश की संभावना को देखते हुए इसका असर उत्तर के मैदानी इलाकों के तापमान में गिरावट के रूप में दिखेगा।

उन्होंने बताया कि दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित उत्तर-पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों के तापमान में मंगलवार से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग के दिल्ली स्थित सफदरजंग केंद्र ने इलाके का औसत अधिकतम तापमान सोमवार को 46 डिग्री की तुलना में मंगलवार को 41 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना व्यक्त की है। मौसम वैज्ञानिक बाकी पेज 8 पर



शिमला में मंगलवार को बारिश से अपने को बचाने के लिए पर्यटकों ने छाते खोल लिए।

**हल्की** बूंदाबांदी और बादलों की मौजूगी से मिले संकेत

**चार** डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है पारा

**जम्मू-कश्मीर** और आसपास के पहाड़ी इलाकों में मंगलवार से पश्चिमी विक्षोभ हुआ सक्रिय

“अरब सागर से चली दक्षिण-पश्चिमी हवाएं भी राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली में नमी लेकर आ रही हैं।”
*-कुलदीप श्रीवास्तव, मौसम विभाग के वैज्ञानिक*

## चक्रवात ‘वायु’

# गुजरात में सेना सतर्क

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 जून।


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चक्रवात तूफान ‘वायु’ के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा की। इस तूफान के 13 जून को गुजरात के तटवर्ती पोरबंदर और कच्छ क्षेत्र में पहुंचने की आशंका है। इस तूफान की आहट को देखते हुए केंद्र सरकार ने गुजरात में भारतीय तटरक्षक बल, नौसेना, थल सेना और वायु सेना की इकाइयां निगरानी के लिए तैनात कर दी हैं।

सौराष्ट्र और कच्छ में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को सतर्क कर दिया गया है। अरब सागर के मध्य पूर्वी क्षेत्र में पिछले दो दिनों से बने हवा के कम दबाव की स्थिति गहराने के कारण उत्पन्न चक्रवात ‘वायु’ मंगलवार को महाराष्ट्र से उत्तर में गुजरात की ओर बढ़ा। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) ने अगले 24 घंटों में चक्रवाती तूफान के गंभीर रूप धारण करने की संभावना जताते हुए कहा कि उत्तर की ओर बढ़ता बाकी पेज 8 पर



**गृह मंत्री** की बैठक में हालात की समीक्षा, सैन्य एवं तटरक्षक बल हाई अलर्ट पर

**चक्रवात** ‘वायु’ के कल पोरबंदर और कच्छ क्षेत्र में पहुंचने की आशंका



## तीन मैचों से बाहर हो सकते हैं धवन !

**फार्म** में चल रहे भारत के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन बाएं हाथ में हेअरलाइन फैक्चर के कारण मंगलवार को विश्व कप के कम से कम तीन मैचों से बाहर हो गए। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के तीसरे मैच से पहले यह टीम के लिए झटका है लेकिन अच्छी खबर यह है कि उनके चोट से उबरने की संभावना है और यही कारण है कि टीम प्रबंधन ने उनके विकल्प की मांग नहीं की है। खबर पेज 15 पर

# अरुणाचल प्रदेश के सियांग में मिला लापता विमान का मलबा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 जून।

भारतीय वायुसेना के लापता विमान एएन-32 का मलबा अरुणाचल के सियांग जिले में देखा गया है। पता चलने के बावजूद दुर्घटनास्थल तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण है। उस इलाके में घने जंगल हैं और वहां तक पहुंचना काफी कठिन है। ऐसे में मलबे वाली जगह पर वायुसेना के कमांडो को हेलिकॉप्टर से उतारा जाएगा और जमीन के रास्ते बचाव दल को वहां तक पहुंचने में दो दिन लगेंगे। आठ दिन पहले लापता हुआ वायुसेना के विमान मलबा अरुणाचल प्रदेश में लिपो से 16 किलोमीटर उत्तर में मिला है। मलबे का पता लगने के बाद वायुसेना ने मंगलवार को जारी अपने बयान में कहा, ‘खोज अभियान में जुटे वायुसेना एमआइ-17 हेलिकॉप्टर ने आज (मंगलवार) टाटो के उत्तर-पूर्व और लिपो के उत्तर में 16 किलोमीटर की दूरी पर करीब 12 हजार फुट की ऊंचाई पर विमान के मलबे का पता लगाया।

विमान में सवार लोगों के बारे में पता लगाने के लिए प्रयास जारी हैं। अभियान आगे बढ़ने पर आगे की जानकारी दी जाएगी।’

यह विमान असम के जोरहाट से उड़ान भरने के बाद बाकी पेज 8 पर



### मुश्किल मिशन

**अरुणाचल** प्रदेश के इस क्षेत्र में किसी विमान हादसे के बाद यहां की घाटियां किसी विमान के मलबे को तलाश करना ऐसा मिशन बन जाता है, जिसके पूरा होने में कई बार सालों लग जाते हैं।

# शोपियां में मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए

श्रीनगर, 11 जून (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में ‘‘इस्लामिक स्टेट (आईएस) की विचारधारा से प्रेरित’’ दो स्थानीय आतंकवादी मारे गए।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा बलों ने शोपियां के अवनीरा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद मंगलवार तड़के इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि आंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलीबारी के बाद तलाश अभियान मुठभेड़ में बदल गया। प्रवक्ता ने कहा, ‘सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए। मुठभेड़ स्थल से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुआ है।’ पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मारे गए आतंकियों की पहचान कुलगाम निवासी सायर अहमद बट और अवनीरा निवासी शाकिर अहमद वाघे के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस के रिकार्ड के अनुसार मारे गए दोनों आतंकवादी आईएस की विचारधारा से प्रेरित थे और उनकी तलाश की जा रही थी।

### आतंकियों के साथ मुठभेड़

श्रीनगर, 11 जून (भाषा)।

जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर इलाके में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई।

पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि यह मुठभेड़ तलाशी अभियान के दौरान शुरू हो गई।

## आरटीजीएस, एनईएफटी से पैसा भेजना एक जुलाई से सस्ता

मुंबई, 11 जून (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि आरटीजीएस और एनईएफटी के जरिए पैसा स्थानांतरित करने का शुल्क एक जुलाई से समाप्त करने की घोषणा की है। धन स्थानांतरण के ये लोकप्रिय माध्यम हैं। केंद्रीय बैंक ने बैंकों से कहा है कि वह लाभ उसी दिन से अपने ग्राहकों को दें।

रीयल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट सिस्टम (आरटीजीएस) बड़ी राशियों को एक खाते से दूसरे खाते में तत्काल स्थानांतरण करने की सुविधा हैं। इसी तरह एनईएफटी के जरिए दो लाख रुपए तक की राशि का त्वरित अंतरण किया जा सकता बाकी पेज 8 पर

# बंगाल को बदनाम करने की साजिश : ममता

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 जून।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बंगाल को बदनाम करने की साजिश कर रही है।

कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद बंगाल में राजनीतिक हिंसा में अब तक 10 लोग मारे गए हैं। लेकिन इनमें भाजपा के सिर्फ दो और तृणमूल कांग्रेस के 10 कार्यकर्ताओं की हत्या हुई है। सभी मामलों में भाजपा समर्थित असामाजिक तत्वों का हाथ है। जबकि, केंद्र सरकार यह जाहिर कर रही है कि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस हिंसा फैला रही है। मंगलवार को कोलकाता के विद्यासागर कॉलेज में ईश्वर चंद्र विद्यासागर की मूर्ति की स्थापना के कार्यक्रम में बनर्जी केंद्र सरकार और भाजपा पर बाकी पेज 8 पर

### हिंसा में तीन मारे गए

**पश्चिम** बंगाल में सोमवार रात से अभी तक हुई हिंसा की दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग मारे गए हैं और तृणमूल कांग्रेस तथा भाजपा इन हत्याओं का दोष एक-दूसरे के सिर मढ़ रही हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के कानकिनारा में सोमवार देर रात बम से हुए हमले में दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए।

नोएडा में चौकी प्रभारी समेत 15 गिरफ्तार | **भंडाफोड़** | पकड़े गए लोगों में दो युवतियां भी

# पुलिस के संरक्षण में ‘मोहपाश’ का खेल

आशीष दुबे
नोएडा, 11 जून।

सड़क किनारे खड़ी अकेली युवती को लिफ्ट देना खतरनाक भी साबित हो सकता है। नोएडा पुलिस ने मंगलवार को एक ऐसे गिरोह का खुलासा किया है, जो पुलिस कर्मियों की मिलीभगत से कार चालक को ब्लैकमेल कर लाखों रुपए वसूलता था। पूरा गिरोह एक सब इंस्पेक्टर (चौकी प्रभारी) अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर संचालित कर रहा था। जिसमें दो महिला समेत अन्य लोग शामिल हैं।

गिरोह में शामिल युवतियां सूनसान सड़क के किनारे खड़े होकर कार चालकों से लिफ्ट लेती थीं। कार जैसे ही पुलिस की पीसीआर के पास पहुंचती थी, तो कार में बैठी युवती चिल्लाने लगती थी कि उसके साथ बलात्कार किया गया है। इसके बाद फिल्मी किरदारों की तरह पीसीआर पर तैनात पुलिसकर्मी कार चालक को चौकी लेकर पहुंचते थे। जहां युवती अपने गिरोह में शामिल दूसरे लोगों को बुला लेती बाकी पेज 8 पर



- दो युवती समेत चार पुलिस कर्मी गिरोह में शामिल
- चौकी प्रभारी था गिरोह का सरगना, छह महीने से चल रहा था वसूली धंधा
- वसूली में होती थी सबकी हिस्सेदारी
- अब तक 20 लोगों को दे चुके थे झांसा



मौसम

| तापमान | नई दिल्ली | |
|---|---|---|
| अधिकतम- 45.4 डि.से. | | सूर्योदय- 5:23 |
| न्यूनतम- 33.3 डि.से. | | सूर्यास्त- 19:19 |



# बिजली पानी पर भाजपा ने दिल्ली सरकार को घेरा



नई दिल्ली से सांसद मीनाक्षी लेखी ने आरकेपुरम में प्रदर्शन कर पानी संकट को लेकर दिल्ली सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

फोटो : आरुष चोपड़ा

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 11 जून।

बिजली–पानी के मसले पर भाजपा हमलावर हो गई है और आम आदी पार्टी सरकार को घेर रही है। सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि 7000 करोड़ रुपए दिल्ली सरकार ने अब तक तय शुल्क के माध्यम से दिल्ली की जनता से वसूले हैं। यह पैसा जल्द से जल्द दिल्ली की जनता को वापस मिलना चाहिए। इस तय शुल्क वसूली को भाजपा ने गलत बताया है। भाजपा ने पानी संकट पर भी सरकार को घेरा है। इसे लेकर मुख्ममंत्री अरविंद केजरीवाल को एक पत्र भेजा है।

मनोज तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जब से जल बोर्ड का कार्यभार संभाला है। तभी से फायदे में चल रहा जल बोर्ड भी घाटे में आ गया है। भीषण गर्मी के इस समय में हालत यह है कि दिल्ली वाले बिजली – पानी के लिए बेहाल है। इसका सीधा लाभ निजी टैंकर माफिया ले रहा है। उन्होंने कहा कि जबकि दिल्ली सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व आम नागरिको को आश्वासन दिया था कि वे हर घर तक स्वच्छ पानी उपलब्ध कराएंगे। जबकि हकीकत यह है कि सालों से क्षेत्रों में पानी की लाइन डाली जा चुकी है और लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंचा है। जनता के लिए प्रतिदिन 1125 एमजीडी पानी की आवश्यकता होती है। हर रोज जल बोर्ड केवल 895 एमसजीडी पानी ही उपलब्ध करा पा रहा है। सरकारी आंकड़ों से ही साफ है कि 230 एमजीडी पानी की दिल्ली की जरूरत है और इस वजह से जनता हर दिन पानी का संकट झेल रही है।

## दिल्ली वाले पाते हैं सबसे सस्ती बिजली : अरविंद केजरीवाल

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 11 जून

सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश भर में दिल्ली वाले सबसे सस्ती बिजली पाते हैं। उनका इशारा भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों की तरफ था। सोमवार को ही भाजपा ने दिल्ली सरकार को घेरा है और आम जनता से करोड़ों रुपये का तय शुल्क वसूली करने का आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्डा ने कहा कि भाजपा को बिजली की दरों के मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि बिजली की दरों के मामले में भाजपा ने गलत व झूठे आंकड़े पेश किए हैं। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली में आज भी कांग्रेस व भाजपा शासित राज्यों की तुलना मे जनता के लिए सस्ती बिजली उपलब्ध है। चार साल में दिल्ली सरकार ने बिजली के दामों पर नियंत्रण रखा है और इन दामों को बढ़ने नहीं दिया है।

## विधायक मनोज कुमार चुनावी प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने के दोषी करार

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 11 जून।

आम आदमी पार्टी के विधायक मनोज कुमार को 2013 में हुए विधानसभा चुनाव में पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी इलाके में बने एक मतदान केंद्र पर चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने का दोषी पाया गया है। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट समर विशाल ने कुमार को लोकसेवक को सार्वजनिक कर्तव्य का निर्वहन करने में बाधा पहुंचाने और मतदान केंद्र के निकट अव्यवस्था फैलाने का दोषी पाया।

# विधानसभा चुनाव में नए चेहरे पर दांव लगाना चाहती हैं शीला

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 11 जून।

दिल्ली विधानसभा के आगामी चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पार्टी ने सभी जिला व ब्लॉक कांग्रेस समितियों को ताकीद की है कि वे विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारी के लिए तीन–तीन नामों के पैनल भेजें और यह ध्यान रखें कि इनमें एक महिला का नाम जरूर हो।

पार्टी के इस कदम को लेकर कहा जा रहा है कि विधानसभा चुनाव में वह बड़ी संख्या में अपने उम्मीदवार बदलेगी और उनकी जगह पर नए चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा जाएगा। इनमें महिलाओं की भी अच्छी–खासी संख्या हो सकती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीक्षित की अध्यक्षता में राज्य के तीनों कार्यकारी कांग्रेस अध्यक्षों व जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की मंगलवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई।

बैठक में तय किया गया कि आगामी चुनाव में पार्टी उम्मीदवारों के चयन में जिला व ब्लॉक कांग्रेस समिति के अध्यक्षों की अहम भूमिका रहेगी। बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला किया गया कि 2020 के विधानसभा चुनावों के लिए हर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, प्रत्येक विधानसभा के लिए बेहतर, अनुभवी एवं क्षेत्र में साख रखने वाले उम्मीदवारों का तीन–तीन नामों का पैनल बनाकर 22 जून, 2019 तक भेजेंगे।

तीन नामों के पैनल में आवश्यक रूप से एक नाम महिला का होगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता जितेंद्र कोचर ने कहा कि शीला दीक्षित चाहती हैं कि विधानसभा के लिए उम्मीदवारों का चयन जल्द किया जाए ताकि कांग्रेस चुनावों के लिए समय रहते अपनी तैयारी पूरी कर सके।

## केजरीवाल से आज मिलेंगी शीला

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 11 जून।

बिजली और पानी की आपूर्ति से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शीला दीक्षित बुधवार को सूबे के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करेंगी। दीक्षित मुख्य रूप से मुख्यमंत्री के समक्ष बिजली आपूर्ति करने वाली निजी कंपनियों द्वारा दिल्ली के उपभोकताओं से नियत शुल्क के रूप में वसूली गई करीब 7400 करोड़ रुपए की राशि वापस करने की मांग करेंगी। केजरीवाल की अगुआई में छह साल पहले बिजली–पानी के मुद्दे पर दीक्षित को घेरा था और सत्ता से बेदखल कर दिया था।


## नियुक्तियां

**इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद**
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

संक्षिप्त विज्ञापन

Advt No: UoA/Law/BA.LL.B./2019/1 12/06/2019

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि संकाय में संविदा पर असिस्टेन्ट प्रोफेसर के 08 शिक्षण पदों हेतु 04 विधि (03 सामान्य, 01 पिछड़ा वर्ग), 01 इतिहास (सामा. वर्ग), 01 राजनीतिशास्त्र (सामा. वर्ग), 01 समाजशास्त्र (सामा. वर्ग), और 01 अंग्रेजी (सामा. वर्ग) के भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। विस्तृत विज्ञापन तथा आवेदन फार्म दिनांक 12/6/19 से विश्व–विद्यालय की अधिकारिक वेब साइट www.allduniv.ac.in पर अभ्यार्थियों के लिए उपलब्ध रहेगा। आवेदन पत्र दिनांक 5/7/19 तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के द्वारा कुलसचिव कार्यालय में स्वीकार किए जायेंगे। उपरोक्त विज्ञापन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियम/परिनियम 2018 की धारा 13 के अधीन होगा।

कुलसचिव



**इंडियाबुल्स रियल इस्टेट कंपनी प्राईवेट लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नं. 448-451, उद्योग विहार, फेज -V, गुरुग्राम - 122016, हरियाणा
फोन: (0124) 3989 555 फैक्स: (0124) 6681 111
(CIN: U70101HR2005PTC077759)

**राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण के समक्ष,**
**चंडीगढ़ बेंच, चंडीगढ़ मूल अधिकार क्षेत्र में कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में**
**और**
**कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 के साथ धारा 66 तथा 234 और अन्य लागू होने वाले प्रावधानों तथा कंपनी (समझौते, ठहराव और समामेलन) नियम, 2016 के मामले में**
**और**
**कंपनी आवेदन नं. सीए (सीएए)नं. 10/सीएचडी/एचआरवाई/2019 के तहत समामेलन की योजना**
**फिम होल्डको II लिमिटेड**
**(समामेलीत कंपनी 1/ट्रांस्फरर कंपनी 1)**
**और**
**अरिस्टोन इनवेस्टमेंटस सब बी लिमिटेड**
**(समामेलीत कंपनी 2/ट्रांस्फरर कंपनी 2)**
**के साथ**
**इंडियाबुल्स रियल इस्टेट कंपनी प्राईवेट लिमिटेड**
**(सम्मिलित कंपनी /ट्रांस्फरी कंपनी/आवेदक कंपनी)**
**और**
**उनके संबंधित शेयरधारकों के मामले में**

**इंडियाबुल्स रियल इस्टेट कंपनी प्राईवेट लिमिटेड के इक्विटी शेयरधारकों, सुरक्षित लेनदारों और असुरक्षित लेनदारों की बैठक के नोटिस का विज्ञापन**

यह सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, चंडीगढ बेंच के तारीख 17 मई, 2019 के आदेश द्वारा इंडियाबुल्स रियल इस्टेट कंपनी प्राईवेट लिमिटेड (**"कंपनी या ट्रांस्फरी कंपनी या सम्मिलित कंपनी"**) के इक्विटी शेयरधारकों, सुरक्षित लेनदारों और असुरक्षित लेनदारों की बैठकों के आयोजन का निर्देश दिया है जिसमें फिम होल्डको II लिमिटेड (**"समामेलीत कंपनी 1/ट्रांस्फरर कंपनी 1"**) और अरिस्टोन इनवेस्टमेंटस सब बी लिमिटेड (**"समामेलीत कंपनी 2/ट्रांस्फरर कंपनी 2"**) और इंडियाबुल्स रियल इस्टेट कंपनी प्राईवेट लिमिटेड और उनके संबंधित शेयरधारकों के बीच प्रस्तावित समामेलित की योजना (**'योजना'**)पर विचार करने, और यदि उचित माना जाता है तो, संशोधन सहित या संशोधन रहित अनुमोदन किया जाएगा ।

उक्त आदेश और निर्देश के अनुसरण में आगे यह नोटिस दिया जाता है कि :

1. कंपनी के इक्वीटी शेअरधारकों की बैठक जुलाई 14, 2019 को सुबह 10:00 बजे प्लॉट नं. 448-451, उद्योग विहार, फेज V, गुरुग्राम - 122016, हरियाणा में बुलाइ जाएगी।
2. कंपनी के सुरक्षित लेनदारों की बैठक जुलाई 14, 2019 को सुबह 11:00 बजे प्लॉट नं. 448-451, उद्योग विहार, फेज V, गुरुग्राम - 122016, हरियाणा में बुलाई जाएगी।
3. बैठक के सूचना के अधिन कंपनी के असुरक्षित लेनदार जिनकी देय राशी रु. 2,00,000 और उससे अधिक है उनकी बैठक जुलाई 14, 2019 को दोपहर 12:00 बजे प्लॉट नं. 448-451, उद्योग विहार, फेज V, गुरुग्राम - 122016, हरियाणा में बुलाई जाएगी।

यह भी सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 तथा 102 और कंपनियों (समझौते, ठहराव और समामेलन) नियम, 2016 के नियम 6 के तहत उक्त नोटिस की प्रतियां और विस्तृत ब्यौरे की प्रतियां, कंपनी के पंजीकृत कार्यालय इंडियाबुल्स हाउस, 448-451, उद्योग विहार, फेज V, गुरुग्राम - 122016, हरियाणा से नि: शुल्क प्राप्त की जा सकती हैं । बैठक में उपस्थित होने वाले और मतदान करने के लिए अधिकृत लोग, व्यक्तिगत रुप से या परोक्षी द्वारा मतदान कर सकते है बशर्ते कि सभी परोक्षी फॉर्म बैठक से न्यूनतम 48 घंटे पहले कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय में जमा किये गये हों ।

परोक्षी फॉर्म कंपनी के पंजीकृत कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते है।

अधिकरण में उक्त बैठकों के लिए श्री राकेश भाटिया, ऍडवोकेट और कु. ईशा कुमार को क्रमश: अध्यक्ष और वैकल्पिक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। यदि उपरोक्त योजना की व्यवस्था को बैठकों द्वारा अनुमोदित किया जाता है, तो इसके बाद अधिकरण का अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

दिनांक जून 11, 2019 गुरुग्राम में

सही/-
**विशाल थारवानी**
**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**इंडियाबुल्स रियल इस्टेट कंपनी प्राईवेट लिमिटेड**



**Mindtree** *Welcome to possible*

# MINDTREE LIMITED

**Registered Office: Global Village, RVCE Post, Mysore Road, Bengaluru, Karnataka, 560 059**
**Tel: 080-67064000; Fax: 080-67064100, Email ID: vedavalli.s@mindtree.com**
**Website: www.mindtree.com; CIN: L72200KA1999PLC025564**

**Recommendations of the Committee of Independent Directors ("IDC") of Mindtree Limited ("Target Company") on the Open Offer (hereinafter defined) made by Larsen & Toubro Limited ("Acquirer"), to the Shareholders of the Target Company, under Regulation 26(7) of SEBI (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011 and subsequent amendments thereto ("SEBI (SAST) Regulations").**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date | June 10, 2019 |
| 2. | Name of the Target Company (TC) | Mindtree Limited |
| 3. | Details of the Open Offer pertaining to the TC | Open offer for the acquisition of up to 5,13,25,371 (Five Crore Thirteen Lakh Twenty-Five Thousand Three Hundred and Seventy-One) fully paid up equity shares having a face value Rs. 10/- each ("**Equity Share**") at a price of Rs. 980 per Equity Share ("**Offer Price**"), representing 31% of the total voting equity share capital of the Target Company ("**Open Offer**"). Public Announcement dated March 18, 2019 (the "**PA**"), Detailed Public Statement dated March 25, 2019 (the "**DPS**"), Draft Letter of Offer dated April 2, 2019 (the "**DLoF**") and Letter of Offer dated June 6, 2019 (the "**LoF**") have been issued by Axis Capital Limited and Citigroup Global Markets India Private Limited, the managers to the Open Offer on behalf of Larsen & Toubro Limited. |
| 4. | Name(s) of the Acquirers and PACs with the Acquirers | **Acquirer:** Larsen & Toubro Limited<br>**PAC:** Acquirer has stated that it does not have any 'person acting in concert' with it, as defined in Regulation 2(1)(q)(1) of the SEBI SAST Regulations, for the purpose of this Open Offer. |
| 5. | Name of the Managers of the Open Offer | **AXIS CAPITAL LIMITED**<br>Axis House, 1st Floor, C-2, Wadia International Center, P. B. Marg, Worli, Mumbai 400 025, Maharashtra. **Tel:** +91 22 4325 2183, **Fax**: +91 22 4325 3000,<br>**Website:** www.axiscapital.co.in<br>**Email:** ml.openoffer@axiscap.in,<br>**Contact person:** Ms. Mayuri Arya.<br>**SEBI Registration Number:** INM000012029.<br>**CITIGROUP GLOBAL MARKETS INDIA PRIVATE LIMITED**<br>1202, 12th Floor, First International Financial Centre, G-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai 400098, Maharashtra,<br>**Tel:** +91-22-61759999, **Fax:** +91-22-61759898.<br>**Website:** www.online.citibank.co.in/rhtm/citigroupglobalscreen1.htm<br>**Email:** mindtree.openoffer@citi.com,<br>**Contact person:** Ms. Garima Maheshwari.<br>**SEBI Registration Number:** INM000010718. |
| 6. | Member of the Committee of Independent Directors (Please indicate the chairperson of the Committee separately) | 1. Ms Apurva Purohit (Chairperson);<br>2. Mr Milind Shripad Sarwate (Member);<br>3. Mr Bijou Kurien (Member); and<br>4. Mr Akshaya Bhargava (Member). |
| 7. | IDC Member's relationship with the TC (Director, equity shares owned, any other contract/ relationship), If any | The members of the IDC are Independent Directors on the board of directors of the Target Company. None of the members of the IDC hold any Equity Shares or other securities of the Target Company.<br>Other than as disclosed below, none of the members of the IDC have entered into any contract or have any relationship with the Target Company:<br>1. Ms Apurva Purohit is the chairperson of the Target Company's nomination and remuneration committee;<br>2. Mr Milind Shripad Sarwate is the chairperson of the Target Company's audit committee and a member of the Target Company's corporate social responsibility committee;<br>3. Mr Bijou Kurien is the chairperson of the Target Company's stakeholders relationship committee and a member of the Target Company's audit committee;<br>4. Mr Akshaya Bhargava is a member of the Target Company's audit committee, nomination and remuneration committee and risk management committee; and<br>5. The Target Company provides certain information technology services to Bridgeweave Limited, a company having its registered office in the United Kingdom. Mr. Akshaya Bhargava is the executive chairman, a director and the majority shareholder of Bridgeweave Limited. |
| 8. | Trading in the equity shares/ other securities of the TC by IDC Members | None of the members of the IDC have traded in any of the Equity Shares/ other securities of the Target Company during: (a) the 12 month period preceding the date of the PA; and (b) the period from the date of the PA till the date of this recommendation. |
| 9. | IDC Member's relationship with the Acquirer (Director, equity shares owned, any other contract/ relationship), if any. | As on the date of this recommendation:<br>1. Ms Apurva Purohit holds 1125 equity shares of the Acquirer and 220 equity shares of L&T Technology Services Limited, a subsidiary of the Acquirer.<br>2. Mr Bijou Kurien holds 450 equity shares of the Acquirer.<br>Other than the above, none of the Members of IDC: (a) are directors of the Acquirer; (b) hold any equity shares or other securities of the Acquirer; or (c) have any contracts/ relationship with the Acquirer. |
| 10. | Trading in the equity shares/ other securities of the Acquirer by IDC Members | None of the members of the IDC have traded in any of the equity shares/ other securities of the Acquirer during: (a) the 12 month period preceding the date of the PA; and (b) the period from the date of the PA till the date of this recommendation. |
| 11. | Recommendation on the Open Offer, as to whether the offer is fair and reasonable | The IDC is of the opinion that, as on the date of the PA, the Offer Price of Rs 980 offered by the Acquirer:<br>1. is in accordance with the regulations prescribed under the SEBI (SAST) Regulations; and<br>2. appears to be fair and reasonable. |
| 12. | Summary of reasons for recommendations | The IDC has perused the PA, DPS, DLoF and LoF issued on behalf of the Acquirer.<br>The members of IDC draw attention to the closing market price of the Equity Shares of the Target Company on the National Stock Exchange of India Limited ("**NSE**") and BSE Limited ("**BSE**") as on the date of this recommendation, i.e. June 10, 2019, being Rs 975.50 per Equity Share and Rs 974.65 per Equity Share, respectively, which is lower than the Offer Price.<br>Based on the review of the PA, DPS, DLoF, LoF, and the report dated June 7, 2019, issued by ICICI Securities Limited to the IDC in regard to the Offer Price, the IDC is of the opinion that as on the date of the Public Announcement, the Offer Price of Rs 980 offered by the Acquirer: (a) is in accordance with the regulations prescribed under the SEBI (SAST) Regulations; and (b) appears to be fair and reasonable.<br>The shareholders of the Target Company are advised to independently evaluate the Open Offer and take an informed decision about tendering the Equity Shares held by them in the Open Offer. |
| 13. | Details of Independent Advisors, if any | Khaitan & Co (Legal Advisor)<br>ICICI Securities Limited |
| 14. | Any other matter to be highlighted | None |

To the best of our knowledge and belief, after making proper enquiry, the information contained in or accompanying this statement is, in all material respects, true and correct and not misleading, whether by omission of any information or otherwise, and includes all the information required to be disclosed by the Target Company under the SEBI (SAST) Regulations.

**For and on behalf of the Committee of the Independent Directors of Mindtree Limited**

**Sd/-**
**Apurva Purohit**
**Chairperson – Committee of Independent Directors**
**DIN: 00190097**

**Place: Mumbai**
**Date: June 10, 2019**

# हड़बड़ी का हासिल

दिल्ली में एक पत्रकार की गिरफ्तारी के मसले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणी की है, उससे एक बार फिर यही स्पष्ट हुआ है कि सरकारों और खासतौर पर उनकी पुलिस को किसी मसले पर कार्रवाई के दौरान किन मानकों का ध्यान रखना चाहिए। गौरतलब है कि हाल में एक पत्रकार प्रशांत कनौजिया ने अपने ट्विटर अकाउंट पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में कुछ टिप्पणी करती हुई एक महिला के वीडियो के साथ-साथ एक निजी टिप्पणी भी कर दी थी। इसे अभद्र और योगी आदित्यनाथ को बदनाम करने वाला बताते हुए इसके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। इस पर उत्तर प्रदेश की पुलिस ने जिस तरह आनन-फानन में कार्रवाई करते हुए दिल्ली से प्रशांत को गिरफ्तार कर लिया, वह अपने आप में यह बताने के लिए काफी था कि इस मामले में संवैधानिक व्यवस्था या कानून का खयाल कम किया गया था और धौंस जमाने को ज्यादा तरजीह दी गई थी। इस जल्दबाजी पर पहला सवाल यही उठा कि सरकार के तहत संगठित और पेशेवर तरीके से काम करने वाली पुलिस इतने अगंभीर तरीके से हड़बड़ी कैसे कर सकती है! क्या गिरफ्तारी के बिना इस मसले पर कानून प्रक्रिया नहीं अपनाई जा सकती थी?

जाहिर है, इस पर समूचे पत्रकारिता जगत में तीखे सवाल उठे और लोगों ने सरकार के कामकाज के तौर-तरीके को कठघरे में खड़ा किया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने साफ राय जाहिर की है कि ट्विटर पर की गई उस टिप्पणी के गुण-दोष का सवाल अलग है, लेकिन किसी भी राय के आधार पर इस तरह गिरफ्तारी सही नहीं है। अदालत ने कहा कि नागरिक की स्वतंत्रता उनका अधिकार है और उससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। इसकी गारंटी संविधान में दी गई है और इसका हनन नहीं किया जा सकता। हालांकि इस मामले में दर्ज शिकायत पर मुकदमा चलता रहेगा। यानी सुप्रीम कोर्ट ने सरकार या उसकी पुलिस को यह बताने की कोशिश की है कि उसे अपनी संवैधानिक या कानूनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए जरूरी गंभीरता बरतनी चाहिए। लेकिन यह समझना मुश्किल है कि कई बार सोशल मीडिया पर की जाने वाली टिप्पणियों पर दर्ज शिकायतों पर पुलिस की ओर से गैरजरूरी हड़बड़ी का प्रदर्शन क्यों किया जाता है। जबकि ऐसी हड़बड़ी का खमियाजा इस रूप में उठाना पड़ता है कि अदालत में कानूनी कसौटी पर ऐसे मामले कमजोर साबित होते हैं।

यह किसी से छिपा नहीं है कि ट्विटर या फेसबुक जैसे सोशल मीडिया के मंचों पर की जाने वाली हल्की-फुल्की टिप्पणियां बेहद आम हैं और उनमें से ज्यादातर अपने असर में कोई खास अहमियत नहीं रखतीं। इन मंचों पर जो राय जाहिर की जाती है, उसमें किसी अनुशासन की उम्मीद इसलिए बेमानी है कि उसे किसी निजी जगह के रूप में देखा जाता रहा है और वहां लोग किसी सीमा का खयाल रखना जरूरी नहीं समझते। हालांकि निश्चित रूप से यह अपेक्षा वाजिब है कि जानबूझ कर किसी की छवि को नुकसान पहुंचाने की मंशा से कोई गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी नहीं की जाए। मगर सच यह है कि वहां कोई व्यक्ति बहुत सलीके से एक जरूरी बात भी कहता है तो दूसरा शख्स बेहद अगंभीर तरीके से सतही टिप्पणी कर देता है। वहां अक्सर बड़े नेताओं या राजनीतिक गतिविधियों पर हल्के-फुल्के अंदाज में बातें की जाती हैं। लेकिन शासन का अपना एक ढांचा है और उसके कामकाज करने के तौर-तरीके निर्धारित हैं। संवैधानिक नियम-कायदों से बंधे शासन को उसकी गरिमा का खयाल रखना चाहिए। नेताओं और राजनीतिकों को भी देश की लोकतांत्रिक परंपरा और नागरिक स्वतंत्रता की संवैधानिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए उदार रवैये का परिचय देना चाहिए।

# चैंपियन का संन्यास

युवराज सिंह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास भले ले लिया हो, वे आइपीएल भी न खेलें, लेकिन क्रिकेट की दुनिया में उनकी मौजूदगी हमेशा बनी रहेगी। युवराज क्रिकेट के सवश्रेष्ठ भारतीय ऑलराउंडरों में शुमार रहे। उम्मीद है कि वे अब विदेशी लीग में जलवा बिखेरेंगे। सत्रह साल के अपने क्रिकेट-जीवन में उन्होंने जो उपलब्धियां हासिल कीं, वे अपने में रेकार्ड हैं। चाहे मैचों की संख्या हो, रनों का आंकड़ा हो या विकेट या फिर आइपीएल मैच के खिलाड़ी की कीमत हो, युवराज हमेशा एक चैंपियन के रूप में ही रहे, मैदान में भी और मैदान के बाहर भी। उन्नीस साल की उम्र में क्रिकेट की दुनिया में कदम रखने वाले युवराज की उपलब्धि का सिलसिला 2004 से ही शुरू हो गया था जब उन्होंने लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ पहली टेस्ट सेंचुरी लगाई थी। इसके बाद 2007 में उन्होंने टी-20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ एक ओवर में छह छक्के जड़े थे। इसीलिए उन्हें सिक्सर किंग भी कहा जाता है। इसके अलावा बारह गेंदों में सबसे तेज अर्धशतक भी लगाया था। विश्व कप में तीन सौ से ज्यादा रन और पंद्रह विकेट लेने वाले वे पहले ऑलराउंडर बने और 2011 में विश्व कप में 'मैन ऑफ द सीरीज' भी उन्हें मिला था। बाजार में कीमत के हिसाब से देखें तो 2015 की आइपीएल नीलामी में वे सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में सामने आए थे।

युवराज का जीवन दूसरे क्रिक्रेट खिलाड़ियों से हट कर रहा है। उनके जीवन में सबसे बड़ा मोड़ 2011 में उस वक्त आया था, जब पता चला कि उन्हें फेफड़े का कैंसर हो गया है। यह कठिन वक्त था जब वे अपने करिअर के शीर्ष पर थे। लड़ना, गिरना और फिर उठ जाना युवराज की हमेशा से खूबी रही है। वे इस बात को स्वीकार भी करते हैं कि किक्रेट मेरे लिए एक ऐसा खेल रहा है जिसने मुझे लड़ना, गिरना और फिर उठ जाना सिखाया। उनके भीतर के इसी जुझारूपन और जज्बे ने कैंसर जैसी बीमारी से मुक्ति दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। युवराज ने कहा भी था कि कैंसर से ठीक होने के बाद वे एक तरह के भारी दबाव में थे, हर किसी को लग रहा था कि अब ये पहले वाला युवराज नहीं रहेगा। लेकिन युवराज ने इस दबाव को बड़ी चुनौती मानते हुए एक बार फिर साबित किया कि उनमें वही पुराना वाला दमखम आज भी है। इसके बाद ही युवराज ने 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट खेला था। यह उनका आखिरी टेस्ट था। लेकिन वन डे, टी-20 और आइपीएल वे लगातार खेलते रहे।

युवराज की सत्रह साल की अंतरराष्ट्रीय किक्रेट की यात्रा वाकई शानदार रही। लेकिन पिछले कुछ समय से युवराज मैदान पर वैसा जलवा नहीं दिखा पा रहे थे जैसी उन्हें उम्मीद थी। इसीलिए बार-बार उनके मन में संन्यास को लेकर मंथन चल रहा था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के रुख से भी वे आहत रहे। उन पर यो-यो टेस्ट पास करने की शर्त लगा दी गई और इसमें पास न होने पर विदाई मैच तक की बात कह दी गई। हालांकि युवराज इस टेस्ट में पास हो गए थे और आखिरी टी-20 खेला। पिछले दो सालों में उनमें बेहतर प्रदर्शन का अभाव रहा, इसलिए इस बार की विश्व कप टीम में जगह बनने का सवाल ही नहीं था। हालांकि निश्चित ही युवराज के मन में इस बार का विश्व कप खेलने की इच्छा रही होगी। इसमें कोई दो राय नहीं कि युवराज का क्रिकेट-जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं होगा।

## कल्पमेधा

धर्म केवल लोगों की सेवा करने में है,
माला फेरने या पूजा में नहीं।
-शेख सादी

# सोशल मीडिया और चुनौतियां

ज्योति सिडाना

**सोशल मीडिया और गैजेटों की लत के कारण युवाओं में शारीरिक और मानसिक व्याधियां तेजी से बढ़ रही हैं। इससे उनमें निराशा व कुंठा पनप रही हैं और एक नए प्रकार की सांस्कृतिक विसंगति को जन्म दे रही हैं। यह संस्कृति न केवल सामाजिक संबंधों में उनकी सहभागिता को कम करती है अपितु उन्हें भय एवं आक्रामकता का शिकार बनाती है।**

सहस्राब्दि जनसंख्या का अस्सी फीसद हिस्सा संदेश लिख कर या ऑनलाइन संवाद करना ज्यादा पसंद करता है। यह खुलासा ऑफकॉम के एक अध्ययन में हुआ है। इसके अनुसार सोलह से चौबीस वर्ष की आयु के पंद्रह फीसद युवा अपने फोन का इस्तेमाल लोगों से बातचीत के लिए नहीं करना चाहते, बल्कि मौखिक बातचीत के स्थान पर वे संदेश भेजना अधिक पसंद करते हैं। आज की किशोर पीढ़ी एक ही कमरे में अपने आसपास बैठे लोगों से बात करने के बजाय संदेश ही भेजती है। दरअसल, हम एक शोर रहित और आवाज रहित विश्व का हिस्सा बन चुके हैं। सार्वजनिक स्थानों पर होते हुए भी एक निजी विश्व निर्मित हो जाता है, जैसे भीड़ में, ट्रेन में, सड़क पर कहीं भी चलते हुए या बैठ कर हम ईअरफोन के जरिए अपना प्रिय संगीत सुन सकते हैं। जबकि एक-दो दशक पहले तक ट्रेन या बस में यात्रा करते समय लोग एक-दूसरे से बातचीत करके परिचय बढ़ाने में रुचि रखते थे, राजनीतिक व गैर-राजनीतिक विषयों पर चर्चा करते थे, खाना-पीना साझा करते थे, लेकिन अब यात्रा के दौरान ऐसा कोई शोर नहीं सुनाई देता, कोई अनुभव नहीं होता। अधिकांश लोगों के कानों में ईअरफोन या हेडफोन नजर आता है, या फिर मोबाइल, लैपटॉप पर वीडियो देखने में व्यस्त होते हैं। संभवतः इसलिए इस पीढ़ी को 'खामोश पीढ़ी' की संज्ञा दी जाती है।

अब इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सोशल मीडिया ने संचार और संवाद करने के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है। एक समय था जब लोग देर तक लैंडलाइन फोन पर अपने दोस्तों, परिवारजनों से बातचीत करते थे, विशेष अवसरों जैसे सालगिरह, त्योहार, पदोन्नति, नया सामान खरीदने इत्यादि पर फोन पर बधाई का तांता लग जाता था। पर अब हर अवसर पर केवल संदेश भेज कर काम चल जाता है। कितना अजीब है कि एक ही संदेश हम सबको भेज देते हैं? यह कैसे संभव है कि सबके लिए हमारी भावनाएं, हमारा प्यार या दुआएं एक जैसी हों? और यह भी सच है कि आमने-सामने या फोन की आवाज पर जो बधाई मिलती है, उसमें अलग ही आनंद आता है क्योंकि उसमें हंसी-मजाक और बहुत सारी दुआएं भी शामिल होती हैं। सोशल मीडिया ने इन सब चीजों को सामाजिक जीवन से गायब कर दिया है। मनुष्य केवल खुद तक सीमित हो गया है, इसलिए शायद अब सेल्फी का जमाना है, समूह फोटो का नहीं। फिर चाहे होटल में खाना खाते समय या किसी मॉल में घूमते समय, या शादी पार्टी के लिए तैयार होते समय सेल्फी लीजिए और तुरंत फेसबुक अथवा सोशल मीडिया पर अपलोड कर दीजिए, ताकि आपकी फोटो पर अधिक से अधिक कमेंट और लाइक मिल सकें। यदि आप यह सब नहीं करते तो आज के युग में आप सामाजिक प्राणी नहीं हैं, आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा तुलनात्मक रूप से कम हो सकती है।

सामाजिक प्राणी और विकसित मस्तिष्क का स्वामी होने के नाते मनुष्य के लिए भाषा को संपर्क एवं संवाद स्थापित करने का सबसे प्रचलित और प्रभावी माध्यम माना जाता है। भाषा विज्ञानी सॉसर के अनुसार भाषा एक सामाजिक उत्पाद और वैयक्तिक व्यवहार दोनों है। अब सोशल मीडिया का उपयोग बढ़ने के बाद लोगों में संवाद या तो कम हो गया है या संदेशों में बदल गया है। जैसे-जैसे संवाद खत्म हो रहा है, वैसे-वैसे संस्कृति खत्म हो रही है, क्योंकि संस्कृति का पतन संवादहीनता से ही होता है। संस्कृति के भीतर संवेदनाएं, भावनाएं, अनौपचारिकता और अपनत्व की भावना होती है। संदेश-संस्कृति से जन साहित्य खत्म हो रहा है, इससे संस्कृति मर रही है। चूंकि संस्कृति जीवंत अनुभव होती है। यह टेक्नोलाजी निर्देशित सभ्यता आने वाले दौर में संस्कृति की हत्या का औजार बनेगी। क्या प्रौद्योगिकी का मनुष्य पर हावी होना विश्व युद्ध की आहट का संकेत दे रहा है? मौखिक संचार करने की शैली से व्यक्ति में भाषा विशेषज्ञता उत्पन्न होती है और उसमें अनुवाद करने की भी समझ विकसित होती है। संदेशों के माध्यम से नीरसता उत्पन्न हो रही है क्योंकि एक ही संदेश सबको भेज दिया जाता है, यहां तक कि अधिकांशतः बिना पढ़े ही संदेश दूसरों के आगे सरका (फॉरवर्ड) दिए जाते हैं, बिना जांच किए कि वे सही हैं या गलत।




ऐसा नहीं है कि सोशल मीडिया ने सकारात्मक पक्षों को उत्पन्न नहीं किया। आज ऐसे बहुत से लोग हैं जो बोलना चाहते थे, पर उन्हें कोई मंच उपलब्ध नहीं था। आज सोशल मीडिया ने उन्हें वह मंच दिया है जहां वे अपनी बात रख सकते हैं, अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं और लोग ऐसा कर भी रहे हैं। परंतु यह भी सच है कि कोई भी टेक्नोलॉजी अपने आप में बुरी नहीं होती। उसका सदुपयोग या दुरुपयोग उसे अच्छा या बुरा साबित करता है। सोशल मीडिया ने मौन की संस्कृति, आक्रामकता की संस्कृति और विरोध की संस्कृति को तीव्र किया है। ये तीनों एक सीमा तक तो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ठीक हैं, लेकिन इनसे लोकतंत्र के लिए खतरा भी उत्पन्न हुआ है। राजनीतिक उद्देश्यों के लिए जब व्यक्ति सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं, मीडिया कितना सही है कितना गलत, कौन-सी खबर सच है और कौन-सी झूठ, पुरानी सूचनाओं को कितने गलत तरीके से पेश किया जा रहा है, यह सब क्यों किया जा रहा है, जानना ज्यादा आवश्यक है। मीडिया खासतौर पर सोशल मीडिया जिस प्रकार की भूमिका निभा रहा है, वह संदेह के घेरे में है।

युवा पीढ़ी इस वक्त एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रही है जो अनेक प्रकार की सामाजिक चिंताओं को उत्पन्न करता है। सोशल मीडिया के प्रति युवाओं के एक बहुत बड़े हिस्से का आकर्षण इसके आदी होने के स्तर तक जा पहुंचा है। वह सामाजिक जीवन के एक बहुत बड़े भाग को प्रभावित एवं निर्धारित करने लगा है। देर रात तक चैटिंग करना या ऑनलाइन गेम खेलना, सेल्फी लेने का शौक, वॉट्सएप का अनवरत प्रयोग करना और अध्ययन सामग्री के लिए विभिन्न साइटों की खोज में संलग्न रहना, वे पक्ष हैं जो यह दर्शाते हैं कि सोशल मीडिया ने सामाजिक जीवन को व्याधिकीय स्तर तक प्रभावित किया है। इसीलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ऑनलाइन गेम खेलने की लत को मानसिक रोग की श्रेणी में शामिल किया है। सोशल मीडिया और गैजेटों की लत के कारण युवाओं में शारीरिक और मानसिक व्याधियां तेजी से बढ़ रही हैं। इससे निराशा व कुंठा पनप रही हैं और एक नए प्रकार की सांस्कृतिक विसंगति को जन्म दे रही हैं। यह संस्कृति न केवल सामाजिक संबंधों में उनकी सहभागिता को कम करती है अपितु उन्हें भय एवं आक्रामकता का शिकार बनाती है। कहीं न कहीं आत्महत्या की प्रवृत्ति के उत्पन्न होने में इस सांस्कृतिक विसंगति की भी भूमिका है।

सोशल मीडिया का एक विशिष्ट वर्ग बन गया है। इसमें से किसान, श्रमिक, आदिवासी, महिलाओं से जुड़े मुद्दे गायब हैं। ऐसे में यह सवाल तो उठता ही है कि सोशल मीडिया हाशिये के लोगों की आवाज क्यों नहीं बन पाया? इस पर सोचा जाना जरूरी है। एक तबका धीरे-धीरे ऐसा भी उभर रहा है जो सोशल मीडिया से ऊब गया है। वह अब किसी भी विषय पर कोई भी प्रतिक्रिया नहीं करता। लोग अब विरोध के स्वर सुनना नहीं चाहते, उन्हें सिर्फ प्रशंसा और समर्थन की आदत हो गई है। इसलिए जब मीडिया मनुष्य को नियंत्रित करने लगे तो समाज में इसके खतरे दिखाई देने लगते हैं। दासता किसी की भी हो, मनुष्य की या टेक्नोलॉजी की, विकास के मार्ग में बाधा ही उत्पन्न करती है।

# पहनावे की पहचान

अमित चमड़िया

**दुनिया मेरे आगे**

कुछ समय पहले देश की एक राजनीतिक पार्टी में शामिल हुई बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जब मुंबई में चुनाव के दौरान उम्मीदवार के रूप में प्रचार कर रही थीं, तो उसका एक टीवी चैनल पर सीधा प्रसारण हो रहा था। इससे संबंधित खबर प्रसारित करने वाले बहुत जोर देकर कह रहे थे कि अभिनेत्री आज भारतीय परिधान में आम लोगों को 'गुड़ीपड़वा' की बधाई दे रही हैं। गौरतलब है कि 'गुड़ीपड़वा' आमतौर पर महाराष्ट्र में मनाया जाने वाला एक त्योहार है। प्रसंगवश यह बताना जरूरी है कि अभिनेत्री ने उस समय साड़ी पहन रखी थी। हाथों में हरे रंग की चूड़ी और बालों में सफेद फूलों का गुच्छा लटक रहा था। आम रुचि के मुताबिक देखें और साधारण लोगों के बीच बोलचाल की भाषा में भी इसी तरह के पहनावे को हम शुद्ध भारतीय परिधान के रूप में स्वीकार करते हैं। जब कभी किसी माध्यम में इस तरह के पहनावे वाले दृश्य नजर आते हैं तो हम तुरंत कह देते हैं कि यह तो शुद्ध भारतीय है। बॉलीवुड की फिल्मों में ऐसे पहनावे वाले दृश्य खूब नजर आते हैं।

सवाल है कि भारतीय परिधान का मतलब क्या होता है? अभिनेत्री या किसी भी महिला के इस पहनावे को ही क्यों हम भारतीय परिधान मानते हैं? भारतीय होने का क्या मतलब है? कैसे आम बोलचाल की भाषा में इस तरह की पोशाक को ही भारतीय माना गया? आमतौर पर उत्तर भारत के शाकाहारी खाने को ही हम क्यों शुद्ध भारतीय खाना मान लेते हैं?

इस तरह के सवाल जरूरी हैं, क्योंकि हम बहुलतावादी संस्कृति वाले देश में रहते हैं जो इसकी विशेषता और खूबसूरती है! इस विविधता वाले देश में किसी खास संस्कृति यानी उसके पहनावे, खानपान और बोली, जीवन पद्धति आदि को ही केवल भारतीय मानना क्या इस देश के दूसरी अन्य संस्कृति को मानने वाले लोगों के साथ भेदभाव नहीं है? और क्या इस तरह का भेदभाव उनमें अकेले या अलग होने की भावना नहीं पैदा करता है? खासकर तब जब देश की एक बड़ी आबादी की संस्कृति हाशिये पर हो। हमारा संविधान भी इस बात की इजाजत नहीं देता है कि केवल किसी खास पहनावे और खानपान को भारतीय माना जाए। क्या एक खास तरह की संस्कृति को ही भारतीय मानना भारतीय होने को संकीर्ण नजरिये से देखना नहीं है? हम देश के आदिवासी समुदाय के परिधानों या उत्तर-पूर्व के राज्यों मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड आदि के परिधान को भी मुख्य भारतीय परिधान के रूप में मानने से क्यों हिचकते हैं? क्या दक्षिण भारत का पहनावा भारतीय परिधान नहीं है? जिस परिधान को कुछ लोग पाश्चात्य देशों के पहनावे के तौर पर देखते हैं, अगर उसे कोई भारतीय पहनता है और वह आम है तो क्या वह भारतीय परिधान नहीं होगा? यह सुनने को कभी नहीं मिला होगा कि आदिवासी समुदाय के परिधानों या पूर्वोत्तर के राज्यों के परिधानों को देख कर लोग बोलें कि यह भारतीय परिधान है!

इसके अलावा, दूसरी बात और ज्यादा गंभीर है कि कैसे एक खास संस्कृति को ही समाज में भारतीय संस्कृति होने की स्वीकृति मिली होगी? क्या इसमें संचार माध्यमों की भूमिका शामिल नहीं है? आखिर कैसे सूचना का प्रसार करने वाले लोग इस तरह की गंभीर गलतियां कर बैठते हैं और उन्हें शायद इस चूक का आभास भी नहीं होता होगा! लोग इसे बहुत स्वाभाविक मान लेते हैं। दरअसल, जब कोई पत्रकार किसी मीडिया संस्थान में काम करता है तो उसके साथ उसकी अपनी संस्कृति भी होती है। वह उस संस्कृति के साथ ही सूचनाओं का प्रसारण करता है। और चूंकि समाज से लेकर संचार माध्यमों में ज्यादातर लोग उसी संस्कृति को मानने वाले होते हैं, इसलिए आमतौर पर केवल उसे ही भारतीय संस्कृति के रूप में मान लिया गया है। जब तक ऐसी जगहों पर अलग-अलग संस्कृति को मानने वालों का प्रतिनिधित्व नहीं होगा, तब तक इन जगहों पर बैठे लोगों की ओर से ऐसी गंभीर गलतियां होती रहेंगी और उन्हें हम स्वाभाविक मान कर स्वीकार करते रहेंगे।

प्रसिद्ध समाजशास्त्री एमएन श्रीनिवास की 'प्रभुत्वशाली संस्कृति' की अवधारणा इस मुद्दे को समझने में सहायक है। आखिर इस तरह की परिभाषा जो किसी खास संस्कृति को भारतीय होना बताती है, उसे कौन लोग गढ़ते हैं? भारतीय होने की इस संकीर्ण परिभाषा को बदलने में वक्त लगेगा और यह तभी संभव है जब मीडिया के आंतरिक ढांचे को हम बहुल संस्कृति वाला नहीं बना देते, क्योंकि किसी खास विचार को फैलाने में मीडिया की भूमिका बड़ी है। इसके बहुल संस्कृति होने से यह ज्यादा लोकतांत्रिक हो जाएगा और मुख्यधारा की नजरों से अलग बसी दूसरी संस्कृति में भी सामाजिक अलगाव की भावना पैदा होने की आशंका लगभग समाप्त हो जाएगी। देश की अलग-अलग संस्कृति के विभिन्न रंग वाले पहनावे को भी भारतीय पहनावे के रूप में मानना देश के लिए सुखद साबित होगा।

## हार की सीख

देश की सबसे पुरानी पार्टी लगातार दो लोकसभा चुनावों में मुख्य विपक्षी दल बनने लायक सीटें भी नहीं जीत सकी है। ऐसे में पार्टी की रीति-नीति पर सवाल तो उठेंगे ही। कांग्रेस वह संगठन है जिसके खाते में देश की आजादी में अग्रणी होने की भूमिका दर्ज रही है। चुनाव दर चुनाव पार्टी ने इसे भुनाया भी है और भुनाते-भुनाते अपने मतदाताओं को बुरी तरह से ऊबा दिया है। भूमंडलीकरण, मंडल और कमंडल के बाद से देश की सियासत जमीन से लेकर शीर्ष तक पूरी तरह बदल चुकी है लेकिन कांग्रेस आज भी अपने पुराने मुद्दों को बेचने में लगी हुई है जबकि देश में उन मतदाताओं की संख्या अब मुट्ठी भर ही रह गई है जिन्होंने आजादी की लड़ाई को देखा होगा और उस दौर के आदर्शों में जीते रहे होंगे।

आज मतदान में हिस्सा लेने वाली बहुसंख्यक आबादी वह है जिसने बाबरी ढांचा टूटने, बाजार के खुलने और अन्य पिछड़ा वर्ग के सियासी उभार के बाद जन्म लिया है या होश संभाला है। इस वर्ग की आकांक्षाएं दूसरी हैं जिन्हें संबोधित करने में कांग्रेस अब विफल साबित हो रही है। कांग्रेस का सबसे बड़ा संकट है 134 सालों का इसका इतिहास, जिसके बोझ से वह निकल नहीं पा रही है बल्कि दब कर खत्म होती जा रही है। अगर 134 साल की विरासत का दावा करना ही है तो वही परंपरा दोबारा शुरू करे जब साल भर पर कांग्रेस का अधिवेशन बुलाया जाता था और लोकतांत्रिक तरीके से एक साल के लिए ही अध्यक्ष का चुनाव होता था। तब इसके ढेर सारे अनुषांगिक संगठन हुआ करते थे और उनमें काम कर-के आए लोगों को टिकट दिए जाते थे। आज जरूरत है कि नेहरू-गांधी परिवार मोह छोड़े और बिना पद के काम करे। इससे न सिर्फ एकरसता टूटेगी बल्कि एक परिवार से इतर कांग्रेस अधिक बड़ी भी दिखाई देगी। अगर उनमें (गांधी-नेहरू परिवार) क्षमता हुई तब नए दल में भी उनकी मजबूत स्थिति बनी रहेगी अन्यथा अपने आभामंडल के इर्द-गिर्द पार्टी खड़ी करने और दिल्ली के ड्रॉइंग रूम में बैठने वाले बुद्धिजीवियों के सहारे अब सियासी दल नहीं चल सकेंगे।

बुद्धिजीवियों के सहारे चलने वाले साम्यवादी दलों का हश्र हम देख चुके हैं, परिवार प्रधान दलों की हालत भी देख ही रहे हैं। आज भारत की राजनीति का भाजपा युग है जिसमें मोटी-मोटी किताबें पढ़ कर भारत का विचार समझने-समझाने वाले लोग नहीं बल्कि घर-चौपालों तक काम करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं की फौज है। वहां नेताओं का व्याकरण और भाषा कोई नहीं जांचता क्योंकि गलतियां करते इसके नेता इस दल को वोट देने वाली बहुसंख्यक जनता को अपने जैसे लगते हैं जहां पार्टी हित में पीढ़ी परिवर्तन हो गया और इसके समर्थकों को यह बुरा भी नहीं लगता। दूसरी ओर कांग्रेस अब भी धर्मनिरपेक्षता-समाजवाद पर अटकी हुई है। इन सत्तर सालों में कांग्रेस ने भारत को परिभाषित किया तो दूसरी ओर इन्हीं सालों में भारत ने भी खुद को नए ढंग से समझा है, व्यावहार किया है। इन दोनों परिभाषाओं और व्यवहारों में एक बड़ा अंतर है। आज कांग्रेस को सत्तर साल में बने भारत और उसके अनुभवों के आधार पर खुद को नए ढंग से परिभाषित और पेश करने की जरूरत है।

● *अंकित दूबे, आंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**

चौपाल

## इंसानियत के शत्रु

मासूम कन्याओं के साथ ज्यादती और तत्पश्चात उनकी बर्बरता पूर्वक हत्या कर देना पाशविकता की पराकाष्ठा है। समझ नहीं आ रहा है कि जिस देश के लोगों की रग-रग में करुणा, मानवता के संस्कार बहते थे, वे इतने पत्थर दिल कैसे हो गए! कड़े कानून व सजा के बाद भी ऐसे अपराधों का बढ़ना विचारणीय है। अपराधी किसी भी धर्म का हो, अब उसे बख्शा नहीं जाना चाहिए। ऐसे अपराध में दोषियों को फांसी की सजा हुई, लेकिन उनका फंदे तक नहीं पहुंच पाना भी हमारी व्यवस्था की कमजोरी को बताता है। बस, यह स्मरण रहे कि आपाधापी में कोई बेकसूर कानून का शिकार न हो जाए।

● *हेमा हरि उपाध्याय, खाचरोद, उज्जैन*

## प्रदूषण के विरुद्ध

पर्यावरण संरक्षण में आम लोगों की भागीदारी सबसे अहम है। इसके जरिए ही अपेक्षित सुधार हो सकता है। लोगों को जागरूक करने के लिए प्रशासन और संबंधित विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चलाना होगा। आम लोगों को स्वयं भी अपने आसपास के पेड़-पौधों की रक्षा करने के साथ-साथ ऐसे संसाधनों का प्रयोग करना चाहिए जिनसे पर्यावरण का कम से कम नुकसान पहुंचे। प्रदूषण रोकने के लिए प्रशासन को सख्ती बरतनी होगी। लोग जगह-जगह गंदगी के ढेर लगा देते हैं जिससे निकलने वाली गैसें पर्यावरण के लिए काफी नुकसानदेह हैं। वाहन मालिक अक्सर प्रदूषण मानकों का पालन नहीं करते। प्रशासनिक अधिकारियों को चाहिए कि वे प्रदूषण फैलाने व नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करे। हर जिले में पौधारापण शत-प्रतिशत होना चाहिए। जहां भी खाली भूमि हो, वहां अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने चाहिए। जितने ज्यादा पौधे होंगे, पर्यावरण उतना ही स्वच्छ होगा। पौधारोपण के साथ ही पौधों की देखभाल के लिए भी सार्थक पहल होनी चाहिए।

● *अमरेंद्र मणि त्रिपाठी, सिंदुरियां, महराजगंज*

## बिन पानी

आज से करीब 450 साल पहले जब भारत में नदियां स्वच्छ पानी से लबालब भरी रहती थीं, कुंओं और तालाबों में भी बारहोमास अथाह जल रहता था। उस समय कवि रहीम ने शायद आज की परिस्थिति को देखकर ही लोगों को जल के प्रति जागरूक करते हुए लिखा था 'रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून।' पर अब जब पानी के लिए हर तरफ हाहाकार मचा है, तब यह दोहा प्रासंगिक लग रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते पूरी दुनिया संकट के दौर में है। हमारे देश का ही करीब 40 फीसद भाग सूखे और पानी की किल्लत से जूझ रहा है। करीब आठ से दस करोड़ लोग पनी के किल्लत से परेशान हो रहे हैं। देश की राजधानी में तो भूजल की स्थिति बेहद चौंकाने वाली है। यहां भूगर्भ मे मौजूद करीब 75 फीसद पानी पीने लायक नहीं रहा।

गंगा को स्वच्छ करने में करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी केवल कुछ जगह ही उसका पानी पीने योग्य पाया गया,बाकी तो नहाने के काबिल भी नहीं रहा। रसातल में पहुंच चुके भूजल स्तर से एक और समस्या बढ़ते तापमान की होने लगी है। इस वर्ष देश के कई हिस्सों में तापमान 50 डिग्री तक पंहुच गया, यहां तक कि हिल स्टेशनों पर भी असहनीय गर्मी हो गई। समय रहते हमें अब भी सचेत होकर पानी का अपव्यय रोकना होगा, साथ ही नदियों-तालाबों और अन्य जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाना होगा।

● *संजय डागा, देवी अहिल्या कॉलोनी, हातोद*


मनाली का जाम

## उत्तराखंड में आपूर्ति में रुकावट

जाम के कारण ऋषिकेश हरिद्वार से खाद्य पदार्थों की आपूर्ति में रुकावट आ रही है और पहाड़ों में देरी से खाद्य सामग्री पहुंच रही है। ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग में आलम यह है कि 30 किलोमीटर का पहाड़ी सफर तय करने में छह से सात घंटे लग रहे हैं। दरअसल मुजफ्फरनगर से हरिद्वार, ऋषिकेश और देहरादून तक चार लेन सड़कमार्ग का निर्माण कार्य 2008 से अब तक लटका हुआ है। अधूरे बने इस राष्ट्रीय राजमार्ग के कारण इस मैदानी क्षेत्र में सड़कों की दुर्दशा के कारण 11 साल में सड़क दुर्घटनाओं में 2500 से ज्यादा लोगों की मौतें हो चुकी हैं।

# खबरदार! जाम हैं पहाड़

## ‘खंड-खंड’ पर रेंगतीं गाड़ियां

सुनील दत्त पांडेय
देहरादून।

उत्तराखंड


उत्तराखंड के चारों धामों में भारी तादाद में वाहनों की आवाजाही के कारण सड़कों में लंबा जाम लगा हुआ है। तीर्थयात्रियों को घंटों तक जाम में फंसने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी वजह से ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती को अपनी बदरीनाथ यात्रा फिलहाल स्थगित करनी पड़ी और उन्हें हरिद्वार में ही रुकना पड़ा। इस साल चारों धामों में रेकार्ड तोड़ तादाद में तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। बदरीनाथ में अब तक एक महीने में पांच लाख से ऊपर तीर्थयात्री पहुंच चुके हैं।

ज्येष्ठ मास में सोमवती अमावस्या पड़ने के कारण भारी तादाद में तीर्थयात्री पहुंचे हैं। पुलिस के मुताबिक सोमवती अमावस्या के दिन हरिद्वार में ही 67 लाख से ज्यादा लोगों ने गंगा स्नान किया। इससे एक दिन पहले हरिद्वार-ऋषिकेश में भारी भीड़ के कारण हालात बेकाबू हो गए थे। राज्य के पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) अशोक कुमार को देहरादून से हरिद्वार पहुंचकर हालात को संभालना पड़ा।


चारों धामों के यात्रामार्ग पर पेट्रोल डीजल की कमी को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। इस बार अनुमान से बहुत ज्यादा श्रद्धालु और पर्यटक उत्तराखंड में आ रहे हैं, जो पिछले साल की तुलना में ढाई गुना ज्यादा है।
*- त्रिवेंद्र सिंह रावत, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड*


### पेट्रोल और पैसा सबका संकट

उत्तराखंड के चारों धामों में ही नहीं बल्कि सरोवर नगरी नैनीताल और पर्वतों की रानी मसूरी में भी भीषण जाम लगा हुआ है। नैनीताल में तो हल्द्वानी से आगे प्रशासन ने वाहनों के ले जाने पर पाबंदी लगा दी है। नैनीताल जिले में भीमताल, सात ताल, खुर्पाताल और नौकुचियाताल में जाने वाली सड़कों में घंटों तक जाम रहा।



उत्तराखंड के चारों धामों में हालत यह है कि पेट्रोल-डीजल की भारी किल्लत हो गई है। एटीएम खाली हो चुके हैं। बदरीनाथ धाम का पहला पड़ाव जोशीमठ पड़ता है, जिसमें 10 एटीएम हैं जिनमें से केवल तीन एटीएम ही काम कर रहे हैं। जोशीमठ में ज्योतिपीठ में रहने वाले स्वामी श्रवणानंद महाराज का कहना है कि ऋषिकेश से जोशीमठ पहुंचने में 15 घंटे से ज्यादा का समय लग रहा है। जबकि आम तौर पर ऋषिकेश से जोशीमठ की दूरी टैक्सी द्वारा छह-सात घंटे में तय कर ली जाती है।

बदरीनाथ धाम चमोली जिले में पड़ता है। चमोली जिले में 70 एटीएम हैं। जिनकी क्षमता प्रतिदिन पांच करोड़ की है। इसके बावजूद तीर्थयात्रियों को इन एटीएम में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध नहीं हो पा रही है।


अगले दो सप्ताह में चार धाम यात्रियों की तादाद और ज्यादा बढ़ सकती है। उसे देखते हुए चार धामों के जिलों टिहरी, पौड़ी, उत्तरकाशी, चमोली, रूद्रप्रयाग, हरिद्वार, देहरादून के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं।
*-उत्पल कुमार सिंह, मुख्य सचिव*


कश्मीर में अशांति के कारण गर्मियों में पर्यटक वहां नही जा पा रहे हैं और उन्होंने उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों की ओर रुख किया और देवभूमि उत्तराखंड में भारी तादाद में पर्यटकों के आने से इस देवभूमि का स्वरूप ही बिगड़ गया है। राज्य सरकार को उत्तराखंड को पर्यटक बनाने की बजाय तीर्थाटन प्रदेश बनाना चाहिए।
*-शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती, ज्योतिषपीठ बदरीनाथ*


राज्य सरकार को चार धामों के मार्गों के अधूरे पड़े ऑल वेदर रोड का निर्माण जल्द करना चाहिए। इस प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों का ढांचागत विकास योजनाबद्ध तरीके से किया जाना चाहिए।
*-स्वामी चिदानंद मुनि, परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के परमाध्यक्ष*


भारी तादाद में पर्यटकों की आवाजाही के कारण जाम की स्थिति पैदा हुई, उसे दूर करने के लिए पुलिस प्रशासन ने कई कठोर कदम उठाए हैं।
*-अशोक कुमार, उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था)*


चारधाम यात्रा के लिए सही बंदोबस्त करने में राज्य सरकार नाकाम रही और राज्य सरकार की सभी घोषणाएं हवाई साबित हो गई हैं। सारी व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं।
*- इंदिरा हृदयेश, नेता प्रतिपक्ष*

## दो रात में छह घंटे का सफर


बीरबल शर्मा
मंडी।

करीब 70 लाख की आबादी वाले हिमाचल प्रदेश में हर साल दो करोड़ से भी ज्यादा पर्यटक पहुंचने लगे हैं। अढाई दशक पहले से जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाओं के बढ़ने के बाद देश विदेश के सैलानियों ने हिमाचल प्रदेश की ओर रुख किया था और यह सिलसिला हर साल बढ़ता ही जा रहा है। अब दिक्कत यह हो गई है कि इस प्रदेश में ढांचागत सुविधाओं के न होने के कारण पर्यटन सीजन में एक भयंकर समस्या खड़ी हो जाती है। पर्यटकों को यहां घंटों जाम में बिताने पड़ते हैं।

हिमाचल प्रदेश में मुख्य तौर पर दो तरह के पर्यटक आते हैं, प्रथम श्रेणी में वे जो प्रदेश के सौंदर्य, यहां की संस्कृति, रीति रिवाजों, मेले त्योहारों, प्राचीन मंदिरों, बौद्ध मठों, कुदरती झीलों या फिर ठंडे रेगिस्तान के नाम से मशहूर स्पीति घाटी को देखने की ललक रखते हैं। दूसरी श्रेणी में वे, जो जैसे ही देश के मैदानी क्षेत्रों में गर्मी प्रचंड रूप लेती है, स्कूलों में बच्चों को छुट्टियां हो जाती हैं, तो वे पूरे लाव लश्कर के साथ ठंडे पहाड़ों का रुख करते हैं।

हिमाचल

दूसरी श्रेणी के पर्यटकों से संकट पैदा होता है। उनके दिमाग में सीधे रोहतांग का रोमांच रहता है। इसकी ललक में वे जहां ठगी का शिकार होते हैं वहीं कई बार खुद तैयार की गई अव्यवस्था तो कई बार प्रणाली को संभालने वालों की लापरवाही के कारणघंटों तक सड़कों पर लगे जाम में ही फंसे रहते हैं।




चंडीगढ़ से मंडी होते हुए मनाली और फिर पर्यटकों के पसंदीदा रोहतांग का सफर लगभग 366 किलोमीटर है। मैदानी पैमाने से मान कर चलने वाले पर्यटकों के जहन में यह सफर सात आठ घंटे का रहता है मगर जब इसके लिए किसी के दो दिन से ज्यादा समय लग जाए तो कल्पना की जा सकती है कि इन दिनों यहां वाहन चल नहीं रहे बल्कि रेंग रहे हैं। इस साल देश में गर्मी का नया रेकार्ड कायम हो जाने से पिछले सालों से डेढ़ गुणा पर्यटक ज्यादा यहां पर पहुंच रहे हैं। इससे सारी व्यवस्थाएं कम पड़ गई हैं और सारी सड़कें पैक होकर रह गई हैं। इन दिनों हिमाचल प्रदेश की इस सबसे बड़ी लाइफ लाइन कीरतपुर-मनाली सड़क का जो आगे लेह तक जाती है, इस पर भीषण जाम लगा। बीते सप्ताह जब देश भर में प्रचंड गर्मी पड़ रही थी तो पर्यटकों के इस रेले से हिमाचल प्रदेश छोटा पड़ गया। हालात यह हो गए कि हजारों को वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ा।

### क्यों लग रहा जाम

कीरतपुर से मनाली तक फोरलेन का निर्माण कार्य, यातायात व्यवस्था में तालमेल की कमी, पार्किंग का कोई प्रावधान न होना, उदंड प्रवृति के पर्यटकों द्वारा लाइन तोड़ कर दाएं बाएं से ओवरटेक करके जाम को बढ़ाना, जहां तहां गाड़ी खड़ी करके मस्ती करना जाम के प्रमुख कारण हैं।

### क्या है समाधान

चंडीगढ़ से मनाली रोहतांग की ओर निकलते हुए यदि पर्यटकों को कोलडैम, सराजघाटी, शिकारी देवी, कमरूनाग, ज्यूणीघाटी, देवीदड़, बरोट, खीर गंगा, मणीकर्ण, पार्वती घाटी, पराशर, बीड़ बिलिंग, तीर्थन घाटी, बंजार, सोझा, सरयोलसर आदि की ओर मोड़ा जाए तो यह समस्या काफी हद तक कम हो सकती है।

### परमिट का घालमेल

मनाली से रोहतांग जाने के लिए दिन में 1200 गाड़ियों को परमिट दिए जाते हैं मगर असल में यहां पर रोजाना 5 हजार वाहन पहुंच रहे हैं। आठ से दस घंटे तक 56 किलोमीटर के इस सफर में लग रहे हैं। रोहतांग के रोमांच के लिए पर्यटक आधी रात को ही रवाना हो रहे हैं और फिर दूसरी आधी रात को लौट रहे हैं। नागपुर से आए एक पर्यटक आर्य जैस का कहना था कि कुल्लू से मनाली 40 किलोमीटर का सफर तय करने में 5 घंटे लग गए, यह सब अव्यवस्था ही लगती है, घूमने का मजा तो आया मगर रात भी जाम में काटनी पड़ी।

### बेतरतीब पार्किंग

कुल्लू मनाली घाटी के एक होम स्टे मालिक किशन श्रीमान का कहना है कि इन दिनों हर रोज घाटी में एक लाख से अधिक पर्यटक आ रहे हैं, 20 हजार से अधिक वाहन रोजाना यहां पहुंच रहे हैं। कहीं भी पार्किंग की सही व्यवस्था नहीं है, जहां तहां पर गाड़ियां पार्क कर दी जाती है, मामूली सा अवरोध पैदा होते ही जाम लग जाता है जो पूरा दिन बना रहता है।

अधिकांश पर्यटक जल्दी पहुंचने से चक्कर में दाएं बाएं से ओवरटेक करके आवाजाही को बाधित कर देते हैं, फोरलेन का काम भी चला हुआ है, कहीं कहीं पुल भी तंग हैं जहां से आवाजाही बाधित होती है। प्रशासन पुलिस पूरे प्रयास में है कि पर्यटकों को परेशानी कम से कम हो। *-शालिनी अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक, कुल्लू*

# ‘जनसंख्या नियंत्रण पर क्रांतिकारी कदम की जरूरत’

रोहित कुमार
नई दिल्ली।

दिल्ली

‘जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली संविधान की धारा 370 खत्म नहीं की गई। गोहत्या पर संपूर्ण प्रतिबंध नहीं लगा। सभी के लिए अनिवार्य परिवार नियोजन की बात भी आई-गई हो गई। राष्ट्रभाषा हिंदी को विशेष प्रोत्साहन नहीं मिला। भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगा। किसानों की दुर्गति हो रही है और सीमाओं पर जवान मारे जा रहे हैं। देश में नए रोजगार पैदा नहीं होने से बेरोजगार युवाओं की बड़ी फौज खड़ी हो गई है। न जवान सुरक्षित है और न किसान खुशहाल है।’

दिल्ली के लाजपत नगर स्थित राष्ट्रीय निर्माण पार्टी के अध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह युवाओं के जोश की तरह धाराप्रवाह बोल रहे थे। कभी भाजपा के कट्टर समर्थक रहे विक्रम सिंह अपनी पार्टी के साथ चुनावी मैदानों में विचारधारा की जंग लड़ रहे हैं। सबसिडी और जनसंख्या नियंत्रण पर मौजूदा सरकारों को घेरते हुए उनका कहना है कि इन मामलों पर क्रांतिकारी कदम की जरूरत है। ठाकुर विक्रम सिंह की राजनीतिक सक्रियता 1967 के लोकसभा चुनाव के दौरान शुरू हुई, जब वे ग्वालियर राजघराने की राजमाता विजयराजे सिंधिया के बुलावे पर अपने चार साथियों के साथ ग्वालियर गए थे। सिंह ने वहीं से चुनावी राजनीति का ककहरा सीखा था। आर्यसमाज के दिग्गज नेता प्रकाशवीर शास्त्री के साथियों में शामिल और चंद्रशेखर एवं वीपी सिंह के नजदीक रहे ठाकुर विक्रम सिंह ने बताया कि 2012 में राष्ट्र निर्माण पार्टी ने उत्तर प्रदेश में 20 उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। उसी वर्ष दिल्ली नगर निगम में भी उनकी पार्टी ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ा था। लेकिन 2014 लोकसभा चुनाव और 2017 के उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में राष्ट्र निर्माण पार्टी ने खुद चुनाव मैदान में न उतरकर भाजपा का समर्थन किया था। विक्रम सिंह का कहना है कि भाजपा से मिली भारी निराशा और हताशा ने उनकी पार्टी को राष्ट्रहित के मुद्दों पर जनता को उद्वेलित करने के लिए 17वीं लोकसभा के चुनाव में उतरने को मजबूर किया।


कम संसाधनों के साथ राष्ट्रीय मुद्दों की सही लड़ाई का दावा करते हैं राष्ट्रीय निर्माण पार्टी के अध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह

ठाकुर विक्रम सिंह ने कहा कि इस बार विपरीत हालात और शासन-प्रशासन की तरह-तरह की अड़ंगेबाजी के कारण वे दिल्ली में तीन ही उम्मीदवार मैदान में उतार सके थे। चौथे उम्मीदवार का नामांकन तकनीकी आधार पर रद्द कर दिया गया था। राष्ट्र निर्माण पार्टी ने हरियाणा की गुरुग्राम सीट पर धर्मपाल सिंह राघव को उम्मीदवार बनाया था। मध्य प्रदेश की मुरैना सीट पर रणधीर सिंह रूहल को उतारा था। राष्ट्र निर्माण पार्टी चाहती है कि स्मार्ट शहरों के बजाए सरकार स्मार्ट गांव बनाने पर ध्यान दे। लोकसभा में सांसदों की भूमिका जनपक्षीय और राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार को घेरने की रहेगी। ठाकुर विक्रम सिंह का कहना है कि लोगों को मुफ्तखोरी की लत न लगाई जाए और सभी तरह की सबसिडी खत्म की जाए। रोजगार का आधार केवल योग्यता को बनाया जाना चाहिए। सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी पूरे देश में संपूर्ण मद्यनिषेध चाहती है और यह भी चाहती है कि देश में खुले पशु कत्ल कारखाने बंद किए जाएं और सरकार गोश्त के निर्यात पर पाबंदी लगाए। शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल बदलाव किया जाए, भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी शासन व्यवस्था लाई जाए। ऐसी व्यवस्था की जाए कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक को मिले। बिना दवा और इलाज के कोई भी शख्स दम ना तोड़ सके। सभी को रोजगार और रोटी की गारंटी मिले।

किसानों को उपज का लाभदायक मूल्य दिया जाए। कारोबारियों और उद्यमियों को सभी तरह के जरूरी प्रोत्साहन दिए जाएं। युवाओं को लेकर केंद्र और राज्यों में अलग से मंत्रालय बनाए जाएं और सरकार की हर संभव यह कोशिश हो कि वह मानव संसाधन का राष्ट्र निर्माण में भरपूर उपयोग करे। ठाकुर विक्रम सिंह कहते हैं कि बीता चुनाव देश का सबसे महंगा चुनाव था। उनकी मांग है कि केंद्र और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाएं। विक्रम सिंह अपने मजबूत इरादों का श्रेय पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और सेवानिवृत्त आइपीएस अफसर डॉक्टर आनंद कुमार को देते हैं।

# आध्यात्मिक महत्त्व की पांवधोई नदी को मिला पुनर्जीवन

सुरेंद्र सिंघल
सहारनपुर।

उत्तर प्रदेश

सहारनपुर नगर के बीच से बहने वाली प्राचीन एवं आध्यात्मिक महत्त्व की 9.3 किलोमीटर लंबी पांवधोई नदी को पुनर्जीवन मिल गया है। अभी प्रथम चरण पूरा हुआ है। नदी के उद्गम स्थल शकलापुरी से बाबा लालदास बाड़ा घाट तक जल निर्मल और प्रवाहवान हो गया है। नदी के दो तिहाई हिस्से की साफ-सफाई और जल प्रवाह बहाल करने का चुनौतीपूर्ण काम अभी भी बाकी है।

पांवधोई नदी के पुनर्जीवन के तीन चरणों की योजना का पहला और मुख्य चरण पूरा होने पर 31 मई को जल महोत्सव का आयोजन हुआ। हरिद्वार के जूना अखाड़ा के पीठाधीश्वर एवं भारत माता मंदिर के प्रभारी आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज और ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन आश्रम के स्वामी चिदानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज एवं अंतरराष्ट्रीय योग गुरू पद्मश्री भारत भूषण समेत अनेक संत आयोजन में शामिल हुए।

स्वामी अवधेशानंद गिरि का कहना है कि मानवीय भूलों के कारण हमारे अधिकांश तीर्थ स्थल, नगर, नदियां, जलाशय, कुएं, बावड़ी केवल गंदगी, उससे उत्पन्न दुर्गंध और मिथ्याचार के प्रतीक हैं। यमुना नदी स्पर्श के लायक भी नहीं बची है। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि डेढ़ सदी पहले तक हमारी पानी की समझ अत्यंत विस्तृत थी। हिमालय और समुद्र के बीच नैसर्गिक आकर्षण है। वह जाति,धर्म और प्रांत ही नहीं देश की सीमा तक नहीं मानने वाला है, क्योंकि इसे प्रकृति ने बनाया है मानव ने नहीं। योगाचार्य पद्मश्री भारत भूषण ने कहा कि वे विश्व के ऐसे शहरों में गए हैं जहां नदियां उनके बीच से बहती हैं, जो वहां के लोगों के सौंदर्यबोध और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को प्रदर्शित करती हैं। हमारे यहां नदियां धार्मिक और पवित्र मानी जाती हैं, लेकिन फिर भी हम उन्हें स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखने में लगातार नाकाम साबित हो रहे हैं। महामंडलेश्वर यतींद्रानंद गिरि ने कहा कि नदियां सृष्टि की विराट नाड़ी की तरह हैं। यदि हमने नदियों को नहीं बचाया तो हम भी नहीं बचेंगे। इस मौके पर जिलाधिकारी सहारनपुर आलोक पांडे और मेयर संजीव वालिया ने पांवधोई नदी परियोजना को लेकर अपनी बातें रखीं। बाबा लालदास बाड़ा घाट पर आयोजित समारोह में अतिथियों ने पांवधोई नदी की पूजा अर्चना की। इस मौके पर 175 मीटर लंबी नदी का चैनेलाइजेशन, बोल्डर पेचिंग, पैदल मार्ग में इंटरलाकिंग टाई लगाने का लोकार्पण किया गया।

पांवधोई को पिछले 50 वर्षों में स्वच्छ करने के अनेक प्रयास किए गए। लेकिन कचरे एवं गंदगी की समस्या जस-की-तस बनी रही। मार्च 2018 में चंद्र प्रकाश त्रिपाठी के सहारनपुर का मंडलायुक्त बनने के बाद फिर से इस अभियान की शुरुआत हुई। यह अभियान तेजी के साथ आगे बढ़ा और अब पहला चरण पूरा हो गया।

पांवधोई नदी का उद्गम स्थल प्राकृतिक है। यह सहारनपुर देहात कोतवाली के तहत धोबीघाट से साढ़े तीन किलोमीटर की दूरी पर गांव संकलापुरी में है। उद्गम स्थल पर पानी की निकासी कम होने और इस नदी के शहर में प्रवेश करने पर नाले-नालियों का गंदा पानी डलने से पांवधोई नदी एक तरह से मर गई थी।

अधिशासी अभियंता सिंचाई विकास त्यागी के अनुसार पांवधोई नदी पर नए चेकडैम का निर्माण पूरा होने जा रहा है। चेकडैम में ही नदी की डीसिल्टिंग के लिए रेगुलेटर बनाया जा रहा है। दोनों किनारों को आपस में जोड़ने के लिए पैदल पुल का निर्माण किया जा रहा है। प्रथम चरण में सकलापुरी से लेकर लालदास बाड़ा तक की कार्य योजना तैयार की गई। इसके लिए सरकड़ी रजवाहा से नदी के ऊपर एक्वाडक्ट बनाया गया है। इससे पानी को पांवधोई नदी में गिराया जाएगा। लालदास बाड़े पर पांच फीट ऊंचा चेकडैम बनाया गया है। चेकडैम से नदी का पानी झरना की तरह गिरेगा।

# जल स्रोत सूखे, शहर से लेकर गांव तक प्यासे

राजीव जैन
जयपुर।

राजस्थान

राजस्थान में इन दिनों पीने के पानी का संकट गहरा गया है। गर्मी के बढ़ने और मानसून पूर्व वर्षा नहीं होने के कारण आम आदमी को पेयजल मुहैया कराना सरकार के लिए बड़ी मुसीबत हो गई है। दूरदराज के गांवों में जहां परंपरागत पानी के स्रोत सूख गए हैं वहीं शहरी इलाकों में भी लोगों को पेयजल के संकट से जूझना पड़ रहा है। प्रदेश के बड़े शहरों में तो पानी आपूर्ति में कटौती तक कर दी गई है। जयपुर, अजमेर, टोंक जैसे बड़े शहरों में पेयजल आपूर्ति करने वाले बीसलपुर बांध में इस बार पानी की कम आपूर्ति ने संकट खड़ा कर दिया है। दूसरी तरफ पिछले पांच साल में पेयजल परियोजनाओं में हुई देरी के कारण भी इस बार फिर ग्रामीण इलाकों में पीने के पानी की कमी होना तय है।

इस बार प्रदेश में मानसून की अच्छी वर्षा नहीं होने से ही बांधों में पानी की आवक नहीं हो पाई। व्यक्ति 275 लीटर पानी रोजाना बचाने पर फोकस रखा है। इसमें रोजाना व्यर्थ बह रहे पानी को बचा कर लोगों को मुहैया कराने पर जोर है। जयपुर, अजमेर समेत कई शहरों में पानी की आपूर्ति करने वाले टोंक जिले में स्थित बीसलपुर बांध में जल स्तर मौजूदा समय में बहुत नीचे पहुंच गया है। जलदाय विभाग का मानना है कि गरमी में इस बांध से बहुत कम पानी ही मिल रहा है। इसके कारण पेयजल आपूर्ति में कटौती की जा रही है। अप्रैल के बाद तो पानी बहुत ही कम मात्रा में लोगों तक पहुंच रहा है। विभाग ने 15 से 20 मिनट की कटौती की है। लेकिन अघोषित तौर पर आधे घंटे से ज्यादा आपूर्ति में कटौती होने से लोगों में आने वाले समय का भय पनप गया है। जयपुर शहर में पानी का संकट इतना ज्यादा बढ़ गया है कि लोगों को निजी टैंकरों से पानी खरीदना पड़ रहा है। जलदाय विभाग के मुख्य अभियंता देवराज सोलंकी का कहना है कि जयपुर शहर में मांग के अनुपात में पानी की आपूर्ति की जा रही है। अब तक 521 टयूबवेल को खोदा जा चुका है। इनमें से 410 से पानी आपूर्ति को चालू किया जा चुका है। जयपुर में 732 टयूबवल को खोदने की इजाजत मिली हुई है। विभाग जल्द ही बाकी बचे टयूबवेल को खोद कर उनसे पानी आपूर्ति करने की तैयारी में है।

प्रदेश में पेयजल संकट को देखते हुए मुख्यमंत्री स्तर पर लगातार बैठकें हो रही हैं। हालात की समीक्षा की जा रही है। जलदाय मंत्री बीडी कल्ला का कहना है कि सरकार पेयजल संकट से निपटने के लिए कारगर तैयारी कर रही है। पेयजल से जुड़ी शिकायतों को लेकर हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों का फौरन निपटारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मार्च से ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का बिल निशुल्क कर दिया गया है। वर्तमान में 4500 गांवों और 47 शहरों में जरूरत के हिसाब से टैंकरों के जरिये पेयजल परिवहन किया जा रहा है। इसके लिए सभी जिला कलक्टरों को बजट का आबंटन कर दिया गया है।

दूसरी तरफ पानी आपूर्ति की परियोजनाओं में पिछले पांच साल सरकार ने कोई ध्यान ही नहीं दिया। इसके कारण इनमें अनावश्यक देरी हुई और अब खमियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। कैग की रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों की लापरवाही के कारण राज्य में 54 में से 37 बड़ी परियोजनाएं और 437 में 119 ग्रामीण परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हो सकीं।

*राजस्थान* में लोगों को पीने का साफ पानी दिलाने की मुहिम में लगे सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष बाफना का कहना है कि सरकार को सबसे ज्यादा ध्यान पेयजल की गुणवत्ता पर देना चाहिए। प्रदेश में आधी से ज्यादा आबादी अभी भी फ्लोराइड और अन्य रसायन-युक्त पानी ही पी रही है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीण जनता गंदा पानी पीने से ही कई बीमारियों से ग्रसित हो रही है। बाफना का कहना है कि इस बार कम बारिश से भी पेयजल संकट होना तय है।

# मंत्रिपरिषद की पहली बैठक होगी आज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 जून।

नई मंत्रिपरिषद की पहली बैठक बुधवार को होगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सरकार के रोडमैप के बारे में बता सकते हैं।

सूत्रों ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री मंत्रालयों को चलाने में राज्य मंत्रियों की भूमिका रेखांकित कर सकते हैं और कैबिनेट मंत्रियों से अपने सहायकों को पर्याप्त जिम्मेदारियां देने के लिए भी कह सकते हैं। सरकार के अगले पांच साल के लिए कार्ययोजना पर भी चर्चा हो सकती है और मोदी के इस बाबत मंत्रियों को संबोधित करने की संभावना है। मोदी सरकार के पिछले कार्यकाल में भी मंत्रिपरिषद की बैठक नियमित रूप से होती थी। प्रधानमंत्री मंत्रियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और उनके बारे में लोगों को जागरूक करने के संबंध में बताते थे। मोदी महत्त्वपूर्ण मंत्रालयों और क्षेत्रों के प्रदर्शन की समीक्षा भी करते थे।

मंत्रिपरिषद की बैठक के पहले, केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक भी बुधवार को होगी। अगले हफ्ते से संसद सत्र शुरू होने के साथ ही राज्य मंत्रियों के पास महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी क्योंकि उनके मंत्रालयों को सदन के पटल पर रखे जाने वाले संसदीय सवालों का जवाब देना होगा। कैबिनेट मंत्री आमतौर पर उन्हीं सवालों को देखते हैं जिनके मौखिक जवाब दिए जाने होते हैं। मंत्रिपरिषद की पहली बैठक में मोदी सरकार ने सभी किसानों को प्रधानमंत्री–किसान योजना के दायरे में लाने के लिए उसके विस्तार को मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत किसानों को हर साल 6,000 रुपए की वित्तीय सहायता मिलेगी।

# फरार हीरा व्यापारी जतिन मेहता के खिलाफ दो नई प्राथमिकी दर्ज

नई दिल्ली, 11 जून (भाषा)।

सीबीआइ ने फरार हीरा कारोबारी जतिन मेहता के खिलाफ दो नई प्राथमिकी दर्ज की है। यह मामला बैंक ऑफ महाराष्ट्र और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की 587.55 करोड़ रुपए की कथित ऋण धोखाधड़ी की शिकायत से जुड़ा है। जांच एजंसी ने इन मामलों में तलाशी भी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि दो सरकारी बैंकों की शिकायत के अनुसार मेहता की कथित ऋण धोखाधड़ी से बैंक ऑफ महाराष्ट्र को 323.40 करोड़ रुपए और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 264.15 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। दोनों बैंकों की शिकायत के आधार पर सीबीआइ ने मेहता और उसकी कंपनी विंसम डायमंड्स एंड ज्वेलरी के खिलाफ दो अलग–अलग प्राथमिकी दर्ज की है। सीबीआइ ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शिकायत पर कंपनी, उसके मूल प्रवर्तक मेहता, पूर्ण कालिक निदेशक रमेश आई पारेख और रविचंद्रन रामास्वामी, स्वतंत्र निदेशक हरीश रतिलाल मेहता और जॉर्डन के हाथयम सलमान अली अबू ओबेदाहा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत पर कंपनी, मेहता, बॉम्बे डायमंड्स कंपनी लिमिटेड और ओबेदाहा को आरोपी बनाया है। दोनों बैंक उन 14 बैंकों के समूह का हिस्सा हैं, जिन्होंने विंसम डायमंड को 4,600 करोड़ रुपए की ऋण सुविधा दी थी।

एजंसी ने हाल ही में मेहता और प्राथमिकी में दर्ज कंपनी के अन्य निदेशकों के तीन शहरों– मुंबई, अमदाबाद और कोयंबतूर में स्थित नौ ठिकानों पर तलाशी ली। सीबीआइ सूत्रों ने बताया कि बैंको को घोटाले की भनक लगने से पहले मेहता देश छोड़कर भाग गया था। उसके कैरिबियाई द्वीप में से एक सेंट किट्स पर होने की संभावना है। सीबीआइ ने उसके खिलाफ सात एफआइआर दर्ज की है।

# गृह मंत्री शाह से मिले कई राज्यपाल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 जून।

राजस्थान समेत चार राज्यों के राज्यपालों ने मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और अपने–अपने राज्यों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। जिन राज्यपालों ने शाह से मुलाकात की उनमें राजस्थान के राज्यपाल कल्याण सिंह, गुजरात के राज्यपाल ओम प्रकाश कोहली, कर्नाटक के राज्यपाल वजुभाई वाला और उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य शामिल हैं। राज्यपालों ने अलग–अलग शाह से मुलाकात की और गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने इन बैठकों को नए गृह मंत्री के साथ शिष्टाचार भेंट बताया। बतौर गृह मंत्री, शाह ने एक जून को कार्यभार संभाला था। गृह मंत्री ने राज्यपालों के साथ उनके राज्यों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

## वीरेंद्र कुमार होंगे लोकसभा के अस्थायी अध्यक्ष

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 जून।

मध्य प्रदेश से भाजपा के सांसद वीरेंद्र कुमार लोकसभा के अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) होंगे। भरोसेमंद सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 65 वर्षीय वीरेंद्र कुमार सातवीं बार संसद के सदस्य चुने गए हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश की टीकमगढ़ संसदीय सीट से चुनाव जीता है।

अस्थायी अध्यक्ष के तौर पर वे 17वीं लोकसभा की पहली बैठक की अध्यक्षता करेंगे और नवनिर्वाचित सांसदों को संसद की सदस्यता की शपथ दिलाएंगे। नवनिर्वाचित 17वीं लोकसभा का पहला सत्र 17 जून से शुरू हो कर 26 जुलाई तक चलेगा। वीरेंद्र कुमार अस्थायी लोकसभा अध्यक्ष के तौर पर, संसद के निचले सदन के अध्यक्ष पद के लिए होने वाले चुनाव की निगरानी भी करेंगे। मोदी सरकार के पिछले कार्यकाल में वीरेंद्र कुमार राज्य मंत्री थे।

# जिंदगी की जंग ‘फतह’ नहीं कर पाया ‘वीर’

संजीव शर्मा
चंडीगढ़, 11 जून।

संगरूर के गांव भगवानपुरा में 6 जून से 150 फीट गहरे बोरवेल में फंसा दो साल का मासूम फतहवीर मंगलवार को अपनी जिंदगी की जंग हार गया। चार दिनों से अधिक समय तक चले असफल बचाव कार्य के बाद बोरवेल से मृत अवस्था में निकाले गए दो वर्ष के बच्चे फतेहवीर सिंह को गांववालों ने अश्रुपूर्ण विदाई दी। बच्चे का अंतिम संस्कार किए जाने से पहले जब उसे लकड़ी के बने ताबूत में रखा गया तो संगरूर जिले के भगवानपुरा गांव के निवासी और बच्चे के परिवार के सदस्य अपने आंसू नहीं रोक पाए।

इस बीच, पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने मंगलवार को राज्य के आपदा प्रबंधन समूह से मानवीय आपदाओं के लिए मानक परिचालन प्रक्रियाएं तय करने को कहा। उन्होंने संगरूर जिले में 150 फुट गहरे बोरवैल में से दो साल के बच्चे को जीवित नहीं बचा पाने की दुखद घटना के बाद यह बात कही।

- बचाव दल ने 110 घंटे बाद शव बाहर निकाला
- जन्मदिन के अगले रोज बोरवेल से निकाला शव

मासूम की मौत की खबर उसके दूसरे जन्मदिन के अगले रोज आई जबकि दावा यह भी है कि उसकी मौत जन्मदिन वाले दिन ही हो चुकी थी। मौत की खबर सुनकर परिजन तो गमगीन हैं ही, घटनास्थल पर मौजूद हजारों लोगों की भी आंखें नम हो गईं। बच्चे को मृत हालत में पीजीआई चंडीगढ़ लाया गया था, जहां शवगृह कर्मियों ने दावा किया कि शव पूरी तरह सड़ चुका था और उससे बदबू आ रही थी। माना जा रहा है कि फतह की मौत बीते 24 से 48 घंटे पहले हो चुकी थी। भगवानपुरा के रहने वाले फतहवीर सिंह का परिवार खेतों पर बने घर में रहता था। बीती छह जून की शाम करीब चार बजे फतहवीर अपनी मां गगनदीप कौर के साथ जा रहा था और खेलते–खेलते मिट्टी की बोरी से ढके बोरवेल के समीप पहुंच गया। बारिश होने कारण बोरी पहले ही फटी हुई थी। फतहवीर का पैर जैसे ही बोरी पर पड़ा तो वह फट गई और वह बोरी समेत बोरवेल में गिर गया।

फतहवीर करीब 200 फुट गहरे बोरवेल में गिरा था, पर वह 120 फुट पर अटक गया। गुरुवार रात से ही फतहवीर को बचाने के प्रयास लगातार चलते रहे। शुक्रवार सुबह बोरवेल में ऑक्सीजन पहुंचाई गई। प्रशासन, एनडीआरएफ व डेरा प्रमियों ने शुक्रवार सुबह पूरे इलाके को कब्जे में लिया और बचाव अभियान चलाया। कैमरे से फतहवीर पर बोरवेल में नजर रखी जा रही थी। गत 7 जून की शाम बचाव टीम द्वारा तेजी लाते हुए फतहवीर को ऊपर खींचने का प्रयास किया गया लेकिन रस्सी खुल जाने के कारण कोशिश बेकार गई। फिर 8 जून को बोरवेल के बराबर गड्ढा खोदा गया और आधुनिक तकनीक की मशीन लगाई गई लेकिन यह कोशिश भी नाकाम रही।

फतहवीर के बोरवेल में गिरने के बाद पूरे देश की नजरें उस पर टिक गईं। हर कोई फतह की सलामती के लिए दुआएं करता रहा। रविवार को भी फतह को बचाने के लिए एनडीआरएफ की टीम जुटी रही लेकिन कामयाबी नहीं मिली। डॉक्टरों द्वारा रविवार की सुबह से बोरवेल में फंसे फतहवीर के सही सलामत होने का दावा किया गया था। सोमवार को दिनभर उसे बाहर निकालने की अटकलें लगाई जाती रहीं लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

मंगलवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे राहत एवं बचाव दल ने फतह को मृत हालत में बोरवेल से बाहर निकाला। प्रशासनिक अधिकारियों की टीम फतहवीर को लेकर पीजीआई चंडीगढ़ पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीजीआई में डॉक्टरों के एक पैनल ने फतहवीर का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के हवाले कर दिया।

### गुस्से से बचने के लिए ली एअर एंबुलेंस

गांव भगवानपुरा में मासूम की मौत के बाद पंजाब में कई जगह लोगों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। फतहवीर का जब पीजीआई चंडीगढ़ में पोस्टमार्टम चल रहा था तो पंजाब पुलिस को सूचना मिली कि शव यदि सड़क मार्ग से लाया गया तो लोगों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

## नीरव मोदी की जमानत याचिका पर ब्रिटेन में सुनवाई पूरी

लंदन, 11 जून (भाषा)।

ब्रिटेन के हाई कोर्ट ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई पूरी हो गई। इस पर फैसला बुधवार को आएगा। नीरव ने निचली अदालत के जमानत देने से इनकार करने के फैसले को अदालत में चुनौती दी थी। हीरा कारोबारी का प्रयास है कि पंजाब नेशनल बैंक के साथ करीब दो अरब डॉलर की धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उसे भारत को न सौंपा जाए। उधर नीरव को मुबई के आर्थर रोड में लाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# सभी लोगों को 2024 तक स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने का लक्ष्य

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 जून।

जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार ने 2024 तक सभी लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकर देश के 14 करोड़ घरों तक साफ पेयजल पहुंचाने की योजना पर काम कर रही है।

शेखावत ने यहां संवाददाताओं से कहा– प्रधानमंत्री ने एक लक्ष्य तय किया है और हमारी पार्टी का घोषणापत्र भी 2024 तक सभी लोगों तक पेयजल पहुंचाने की बात कहता है। देश में करीब 14 करोड़ घर हैं जहां साफ पेयजल नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओड़ीशा जैसे राज्यों में स्वच्छ पेयजल तक पांच फीसद से कम लोगों की पहुंच है।

## राज्यसभा में सदन के नेता होंगे थावरचंद गहलोत

नई दिल्ली, 11 जून (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री थावरचंद गहलोत को मंगलवार को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली सरकार में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली इस पद पर थे। फिलहाल जेटली बीमार चल रहे हैं और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री गहलोत अनुभवी सांसद और भाजपा के वरिष्ठ दलित नेता हैं। राज्यसभा में सदन के नेता की नियुक्ति केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी करती है। मध्य प्रदेश से आने वाले गहलोत के पास चार दशक लंबा संसदीय अनुभव है। वे मध्य प्रदेश विधानसभा के सदस्य के साथ–साथ लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सदस्य रहे हैं।

# पत्रकार की तत्काल रिहाई का आदेश

पेज 1 का बाकी

था कि आरोपी ने मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं और उनकी छवि खराब करने का प्रयास किया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि पत्रकार के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई जारी रहेगी। पीठ ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि अदालत को भी सोशल मीडिया का दंश सहना पड़ता है। पीठ ने कहा– कभी–कभी तो हमें भी सोशल मीडिया का दंश सहना पड़ता है। कभी यह उचित होता है और कभी अनुचित, लेकिन हमें अपने अधिकारों का इस्तेमाल करना होता है। अदालत इस पत्रकार की पत्नी जगीशा अरोड़ा द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका की सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में पत्रकार की गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त महान्यायवादी विक्रमजीत बनर्जी ने कहा कि याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता क्योंकि आरोपी न्यायिक हिरासत में है। पीठ ने कहा कि कानून बहुत स्पष्ट है। किसी भी व्यक्ति को उसकी स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जा सकता। अगर यह अनुच्छेद 32 के तहत याचिका है तो भी अदालत इस पर विचार कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट हाथ बांधकर नहीं रह सकता यदि यह स्वतंत्रता से वंचित करने का मामला हो।अदालत ने आरोपी को 11 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने पर भी सवाल उठाया और कहा कि मामले के तथ्यों के मद्देनजर एक व्यक्ति को 11 दिन सलाखों के पीछे नहीं रखा जा सकता। पीठ ने कहा– हम उससे सहमत नहीं है जो पत्रकार ने सोशल मीडिया पर ट्वीट या पोस्ट किया। व्यक्ति सलाखों के पीछे है और यह हमें परेशान कर रहा है। उसे तत्काल जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। अतिरिक्त महान्यायवादी ने कहा कि इस मामले में चल रही कार्रवाई निरस्त नहीं की जानी चाहिए।

# अरुणाचल प्रदेश के सियांग में मिला लापता विमान का मलबा

पेज 1 का बाकी

लापता हो गया था। विमान में 13 लोग सवार थे। असम के जोरहाट से अरुणाचल प्रदेश के मेचुका एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड के लिए उड़ान भरने वाले रूसी मूल के एएन–32 विमान का संपर्क तीन जून की दोपहर को टूट गया था। विमान में चालक दल के आठ सदस्य और पांच यात्री सवार थे। वायुसेना ने लापता विमान का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चला रखा था, लेकिन खराब मौसम के कारण यह अभियान बुरी तरह प्रभावित हुआ। इस अभियान में सुखोई 30 विमान, सी–130जे और एएन–32 विमान तथा एमआई–17 तथा एएलएच हेलिकॉप्टरों को लगाया गया था। जमीन के रास्ते बचाव अभियान में सेना, आइटीबीपी और राज्य पुलिस के जवानों को शामिल किया गया है। विमान की खोज में इसरो के उपग्रहों को भी लगाया गया था।

# विशाल के बरी होने का मुख्य जांचकर्ता को अफसोस

जम्मू, 11 जून (भाषा)।

कठुआ में आठ वर्षीय बच्ची के सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना के अपराधियों को न्याय के दायरे में लाने में अहम भूमिका निभाने वाले मुख्य जांचकर्ता आरके जल्ला का कहना है कि इस मामले में अपराधियों की संलिप्तता का पता लगाना भूसे के ढेर में सुई खोजने के बराबर था लेकिन जनवरी की ठिठुरती ठंड में सांजी राम के चेहरे पर आए पसीने से उन्हें संदेह हो गया था कि दाल में कुछ काला है। पठानकोट में सत्र अदालत ने सांजी राम और दो अन्य लोगों को बच्ची के सामूहिक बलात्कार एवं हत्या के मामले में सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इस मामले ने पूरे देश को हिला कर रख दिया था। यह मामला 27 जनवरी 2018 को अपराध शाखा को सौंपा गया था।

# बंगाल को बदनाम करने की साजिश : ममता

पेज 1 का बाकी

जमकर बरसीं। ममता बनर्जी ने 19वीं सदी के समाज सुधारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर की नई आवक्ष प्रतिमा की मंगलवार को उस कॉलेज में स्थापना की, जिसमें पिछले महीने भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के रोडशो के दौरान पुरानी प्रतिमा को नष्ट कर दिया गया था। उन्होंने कॉलेज के प्रांगण में विद्यासागर की 8.5 फुट लंबी सफेद फाइबर ग्लास की प्रतिमा का भी अनावरण किया।

विद्यासागर कॉलेज से कुछ दूर हेयर स्कूल के समीप प्रतिमा का अनावरण करने के बाद खुली जीप में जुलूस की शक्ल में प्रतिमा को कॉलेज तक ले जाया गया। अनावरण के मौके पर ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य में चुनाव के बाद हुई हिंसा में दस लोगों की मौत हो गई और उनमें से आठ उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस और दो भाजपा समर्थक थे। मुख्यमंत्री ने कहा, ‘हर मौत दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं मुख्य सचिव से सभी 10 मृतकों के परिवारों को आपदा प्रबंधन निधि से सहायता मुहैया कराने के लिए कहूंगी।’ राज्य में 42 लोकसभा सीटों में से 18 पर भाजपा की जीत के बाद पश्चिम बंगाल में विभिन्न स्थानों पर हिंसा हुई। लोकसभा चुनाव में तृणमूल को भाजपा से महज चार सीटें ज्यादा मिलीं।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा ‘बंगाल को गुजरात बनाने की योजना बना रही है।’ उन्होंने कहा, ‘मैं जेल जाने के लिए तैयार हूं लेकिन ऐसा नहीं होने दूंगी।’ इस कार्यक्रम में ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव के दौरान भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के जुलूस के दौरान प्रतिमा तोड़ी। प्रतिमा को तोड़कर वे बंगाल की संस्कृति को खत्म नहीं कर सकते।

# शरद कुमार अंतरिम सीवीसी नियुक्त

नई दिल्ली, 11 जून (भाषा)।

सतर्कता आयुक्त शरद कुमार को अंतरिम केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली चयन समिति के नया सीवीसी चुनने तक कुमार इस पद पर बने रहेंगे। सीवीसी केवी चौधरी का कार्यकाल रविवार को पूरा हो गया। सतर्कता आयुक्त टीएम भसीन का कार्यकाल सोमवार को पूरा हुआ। कार्मिक मंत्रालय के अनुसार नए सीवीसी की नियुक्ति तक कुमार को सीवीसी के रूप में काम करने के लिए अधिकृत किया गया है। कुमार सतर्कता आयुक्त हैं। आतंकवाद रोधक जांच एजंसी राष्ट्रीय जांच एजंसी के पूर्व प्रमुख कुमार ने पिछले साल 12 जून को सतर्कता आयुक्त का कार्यभार संभाला था।

# चक्रवात ‘वायु’: गुजरात में सेना सतर्क

पेज 1 का बाकी

तूफान 13 जून को सुबह गुजरात के तटीय इलाकों में पोरबंदर से महुवा, वेरावल और दीव क्षेत्र को प्रभावित करेगा। इसकी गति 115 से 130 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है। तटीय क्षेत्रों में मछुआरों को अगले कुछ दिनों तक समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी गई है। बंदरगाहों को खतरे के संकेत और सूचना जारी करने को कहा गया है। 13 जून को 1 से 1.5 मीटर तक ज्वार उठने की संभावना है जिससे कच्छ, देवभूमि द्वारका, पोरबंदर, जूनागढ़, दीव, गिर सोमनाथ, अमरेली और भावनगर के निचले जिलों में पानी भर सकता है। गृह मंत्री अमित शाह ने इस तूफान के मद्देनजर गुजरात सरकार एव गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक के बाद राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 26 टीमों को गुजरात के तटीय इलाकों में तैनात करने के आदेश जारी किए गए। हर टीम में करीब 45 कर्मी हैं। बचाव दल नावों, दूरसंचार उपकरणों आदि से लैस हैं। एनडीआरएफ गुजरात सरकार के अनुरोध पर अन्य 10 टीमें भी भेज रहा है।

गृह मंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए हर संभव उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि उन्होंने बिजली, दूरसंचार, स्वास्थ्य, पेयजल जैसी सभी जरूरी सेवाओं को बरकरार रखने और चक्रवात से नुकसान होने की स्थिति में तत्काल उन सेवाओं को बहाल किए जाने पर भी बल दिया। गृह मंत्रालय गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक की सरकारों के साथ ही केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव के साथ निरंतर संपर्क में है। अधिकारियों के मुताबिक भारतीय तटरक्षक बल, नौसेना, सेना और वायु सेना की इकाइयों को तैयार रखा गया है और निगरानी विमान और हेलिकॉप्टर हवाई निगरानी कर रहे हैं। नियंत्रण कक्षों को चौबीसों घंटे सक्रिय रहने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# पश्चिमी विक्षोभ दिलाएगा दिल्ली को गरमी से राहत

पेज 1 का बाकी

श्रीवास्तव ने बताया कि दक्षिण–पश्चिमी हवाओं और पश्चिमी विक्षोभ के संयुक्त प्रभाव की वजह से मंगलवार को सुबह से दिल्ली एनसीआर और राजस्थान के कुछ इलाकों में तेज हवाओं और हल्की बारिश का दौर शुरू हो चुका है। इसके कारण अगले तीन दिनों में धूल भरी हवाओं और हल्की बारिश के साथ तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली के पालम क्षेत्र में सोमवार को पिछले दो दशक में दर्ज किया गया सर्वाधिक 48 डिग्री सेल्सियस तापमान आने वाले चार दिनों में 44 से 41 डिग्री और सफदरजंग क्षेत्र में तापमान 43 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

## दरअसल




# पुलिस के संरक्षण में ‘मोहपाश’ का खेल

पेज 1 का बाकी

थी। गिरोह में शामिल लोगों में एक वकील बन जाता था, जो अपने साथियों के साथ मिलकर वाहन चालक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे जेल भिजवाने की धमकी देते थे। इस दौरान बीच–बचाव के नाम पर लाखों रुपए वसूल किए जाते थे। वसूली का यह खेल छह महीने से चौकी प्रभारी के संरक्षण में खेला जा रहा था। सोमवार शाम को गिरोह के हाथ फंसे एक पीड़ित का मामला एसएसपी तक पहुंचा। एसएसपी ने मामले की पड़ताल कर तुरंत सेक्टर–44 चौकी प्रभारी समेत वहां तैनात तीन पुलिस कर्मी, पीसीआर पर तैनात तीन चालक, कार चालकों को फंसाने वाली दो युवतियों समेत 15 को गिरफ्त में ले लिया है।

एसएसपी वैभव कृष्ण के मुताबिक सेक्टर– 44 चौकी पर तैनात सब इंस्पेक्टर सुनील शर्मा, कांस्टेबल मनोज कुमार, अजय वीर सिंह, देवेंद्र कुमार और पीसीआर–50 पर तैनात चालक विपिन सिंह, दुर्वेश कुमार, राजेश के अलावा अनूप, सलीम खान, सतीश उर्फ अंकित, हरिओम शर्मा, सुरेश कुमार, देशराज और कार चालकों को मोहपाश में फंसाकर लूटने वाली विनीता व पूजा को गिरफ्तार किया गया है। मामले के खुलासे में पता चला कि गिरोह का साथी सुरेश कुमार वकील का किरदार निभाता था। देशराज अवाना बीच–बचाव की भूमिका निभाता था। कुमार चौकी प्रभारी को तुरंत पत्र लिखकर चौकी प्रभारी को देकर आरोपी पर दबाव बनाने के लिए तुरंत गिरफ्तार करने को कहता था। तब अवाना को इलाके का प्रतिष्ठित व्यक्ति बताकर पीड़ित से बात कराई जाती थी। अवाना मामले को सुलझाने के नाम पर लाखों रुपए का सौदा करता था। आरोपी अंकित युवतियों का इंतजाम करता था। जबकि सलीम समेत अन्य सभी दलाली करते थे। आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि पिछले छह महीनों में करीब 20 लोगों को फंसाकर ब्लैकमेल कर लाखों रुपए की उगाही की है। पीड़ित एक शख्स से तो छह लाख रुपए वसूले थे।

गिरोह ने सोमवार को भी युवती के जरिए कार सवार व्यक्ति को फंसा लिया था। उससे लाख रुपए में सौदा तय हो गया था। उसने 50 हजार रुपए तभी और बाकी 50 हजार रुपए का इंतजाम शाम तक करने को कहा था। रुपए लाने तक पीड़ित की होंडा सिटी कार सब इंस्पेक्टर ने चौकी पर खड़ी करा ली थी। रुपए के इंतजाम के लिए पीड़ित अपने परिचित समाजसेवी के घर पहुंचा और उसे पूरी बात बताई। समाजसेवी पीड़ित को लेकर एसएसपी के पास पहुंचे। एसएसपी ने एएसपी डॉ. कौस्तुभ की अगुवाई में टीम बनाकर आरोपियों को पकड़ने की योजना बनाई। पुलिस के कहने पर पीड़ित आरोपियों को चौकी पर 50 हजार रुपए देने पहुंचा, तभी टीम ने आरोपियों को दबोच लिया। गिरोह से जुड़ी अन्य युवती का भी पता चला है। वह अभी फरार है।एसएसपी ने बताया कि ब्लैकमेल कर जो भी रकम मिलती थी, उसका 40 फीसद हिस्सा चौकी प्रभारी का होता था। 30 फीसद हिस्सा लड़की को लाने वाले अंकित को मिलता था। देशराज अवाना को 10 फीसद और बाकी 20 फीसद हिस्से का अन्य लोगों में बंटवारा होता था। गिरफ्तार युवती विनीता आरोपी अंकित की पत्नी है। जबकि अन्य युवती पूजा उसकी दोस्त है।

# आरटीजीएस, एनईएफटी से पैसा भेजना एक जुलाई से सस्ता

पेज 1 का बाकी

है। भारतीय स्टेट बैंक एनईएफटी के जरिए धन स्थानांतरण के लिए एक रुपए से पांच रुपए का शुल्क लेता है। वहीं, आरटीजीएस के राशि स्थानांतरित करने के लिए वह पांच से 50 रुपए का शुल्क लेता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने छह जून को द्वैमासिक मौद्रिक समीक्षा के बाद घोषणा में कहा था कि उसने आरटीजीएस और एनईएफटी प्रणाली के जरिए उसके द्वारा सदस्य बैंकों पर लगाए जाने वाले विभिन्न शुल्कों की समीक्षा की है।

डिजिटल तरीके से धन स्थानांतरण को प्रोत्साहन के लिए रिजर्व बैंक ने एक जुलाई, 2019 से उसके द्वारा बैंकों पर लगाए जाने वाले प्रोसेसिंग शुल्क तथा अलग–अलग समय के लिए आरटीजीएस से धन स्थानांतरण शुल्क के साथ एनईएफटी के जरिए लेनदेन पर प्रोसेसिंग शुल्क समाप्त करने की घोषणा की। केंद्रीय बैंक ने कहा कि बैंकों को सलाह दी जाती है कि वे आरटीजीएस और एनईएफटी प्रणाली से लेनदेन पर शुल्क समाप्त किए जाने का लाभ अपने ग्राहकों को स्थानांतरित करें। रिजर्व बैंक आरटीजीएस और एनईएफटी के जरिए धन स्थानांतरण पर न्यूनतम शुल्क लगाता है जबकि बैंक अपने ग्राहकों से काफी अधिक शुल्क वसूलते हैं।

# यात्री वाहनों की बिक्री में 18 सालों में आई सबसे बड़ी गिरावट

नई दिल्ली, 11 जून (भाषा)।

घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री में 18 साल की सबसे अधिक गिरावट आई है। मई महीने में यात्री वाहनों की बिक्री 20.55 फीसद घटकर 2,39,347 वाहन रह गई। मई 2018 में यह आंकड़ा 3,01,238 वाहन था। खास बात यह है कि पिछले 11 में से 10 महीनों में यात्री वाहनों की बिक्री में गिरावट आई है। सिर्फ अक्तूबर, 2018 ही ऐसा रहा, जबकि यात्री वाहनों की बिक्री में 1.55 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज हुई थी। पिछले महीने यात्री वाहनों की बिक्री में गिरावट सितंबर, 2001 के बाद सबसे अधिक रही है। उस समय यात्री वाहनों की बिक्री 21.91 फीसद घटी थी।

वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के अनुसार मई में सभी प्रमुख खंडों– दोपहिया और वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में गिरावट आई। मई में घरेलू बाजार में कारों की बिक्री 26.03 फीसद घटकर 1,47,546 इकाई रह गई। पिछले साल मई में यह आंकड़ा 1,99,479 इकाई था। इसी तरह समीक्षाधीन महीने में मोटर साइकिलों की बिक्री 4.89 फीसद घटकर 11,62,373 इकाई रह गई, जो पिछले साल पहले समान महीने में 12,22,164 इकाई थी। मई में दोपहिया की कुल बिक्री 6.73 फीसद घटकर 17,26,206 इकाई रह गई, जो एक साल पहले समान महीने में 18,50,698 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री मई में 10.02 फीसद घटकर 68,847 इकाई रह गई। मई 2019 में विभिन्न श्रेणियों में सभी वाहनों की बिक्री 8.62 फीसद घटकर 20,86,358 इकाई रह गई, जो एक साल पहले समान महीने में 22,83,262 इकाई थी।

सियाम के महानिदेशक विष्णु माथुर ने कहा कि मई में भी बिक्री की रफ्तार नीचे आई। हालांकि, खुदरा बिक्री का आंकड़ा थोक बिक्री की तुलना में थोड़ा बेहतर है, जिससे पता चलता है कि उद्योग उत्पादन कटौती के कदम उठा रहा है। भंडारण में सुधार किया जा रहा है। हमने पिछले 15 साल में ऐसी सुस्ती नहीं देखी है। इस तरह की बाजार स्थिति में अब समय आ गया है, जबकि सरकार को उद्योग को रफ्तार देने के लिए कुछ कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने इससे पहले 2011-12 और 2008-09 में उद्योग की स्थिति में सुधार के उपाय किए थे। इन नीतिगत उपायों में उत्पाद शुल्क कटौती आदि शामिल है।

सियाम के उपमहानिदेशक सुगातो सेन ने इस स्थिति को अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि उद्योग ने सरकार से सभी श्रेणियों के वाहनों पर माल व सेवाकर (जीएसटी) की दर को 28 से घटाकर 18 फीसद करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार को वाहन को कबाड़ करने की नीति भी लेकर आनी चाहिए। इससे नए वाहनों के लिए बाजार बनेगा। इसके अलावा हम चाहते हैं कि सरकार शोध व विकास पर दिए जाने वाले भारांकित कर कटौती को पिछले स्तर पर लाए।

# नया मासिक जीएसटी रिटर्न प्रणाली अक्तूबर से शुरू

नई दिल्ली, 11 जून (भाषा)।

वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि मासिक जीएसटी रिटर्न भरने की नयी प्रणाली अक्तूबर से शुरू की जाएगी। इस प्रणाली का क्रियान्वयन निर्धारित समय से तीन महीना पीछे चल रहा है। मंत्रालय ने जीएसटी परिषद द्वारा दी गई समयसीमा के अनुसार शुरू में नई रिटर्न प्रणाली जुलाई से क्रियान्वित करने का लक्ष्य रखा था।

मंत्रालय ने जीएसटी विवरण प्रस्तुत करने के नए प्रारूप लागू करने की योजना की जानकारी देते हुए कहा कि मौजूदा मासिक संक्षिप्त रिटर्न जीएसटीआर-3बी जनवरी 2020 से पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। उसके बाद एक नया फार्म जीएसटी आरईटी-01 दाखिल करना होगा।

कंपनियां नई रिटर्न फाइलिंग प्रणाली (एएनएक्स-1 और एएनएक्स-2) जुलाई से सितंबर, 2019 तक तीन महीने के लिए परीक्षण आधार पर उपयोग कर सकेंगी। इससे उन्हें प्रणाली को समझने में मदद मिलेगी।

# शेयर सूचकांक 166 अंक और मजबूत

मुंबई, 11 जून (भाषा)।

शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला कायम रहा। सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच बैंक, धातु और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बंबई शेयर बाजार का सूचकांक 166 अंक और मजबूत हुआ। वैश्विक व्यापार युद्ध को लेकर चिंता कम होने से भी धारणा को बल मिला। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सूचकांक 165.94 अंक या 0.42 फीसद की बढ़त के साथ 39,950.46 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 42.90 अंक या 0.36 फीसद की बढ़त के साथ 11,965.60 अंक पर बंद हुआ।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च, 2019 के अंत तक प्रणाली में गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) घटकर 9.3 फीसद पर आ गई हैं। यह रिजर्व बैंक के अनुमान से भी अधिक तेजी से घटी हैं। पिछले साल समान अवधि में एनपीए 11.5 फीसद पर था।

बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप का प्रदर्शन बेंचमार्क सूचकांक से बेहतर रहा। सूचकांक की कंपनियों में टाटा मोटर्स, ओएनजीसी, यस बैंक, इंडसइंड बैंक और वेदांता के शेयर 2.71 फीसद तक चढ़ गए। इसके अलावा एचसीएल टेक, आइसीआइसीआइ बैंक, टाटा स्टील, एसबीआइ, हीरो मोटोकॉर्प, टीसीएस, बजाज फाइनेंस और रिलायंस के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर सनफार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, कोल इंडिया और हिंदुस्तान यूनिलीवर में तीन फीसद तक की गिरावट आई। सूचकांक के शेयरों में 23 लाभ में रहे, जबकि सात में नुकसान रहा।

अमेरिका द्वारा मेक्सिको पर शुल्क लगाने की योजना को टाले जाने के बाद वैश्विक स्तर पर निवेशकों को राहत मिली है। इसके अलावा यह उम्मीद बनी है कि अमेरिका ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। इससे भी बाजार की धारणा को बल मिला। एशियाई बाजारों में शंघाई कम्पोजिट 2.58 फीसद, हांगकांग का हैंगसेंग 0.76 फीसद, जापान का निक्की 0.33 फीसद और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 0.59 फीसद के लाभ में रहा। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजार भी लाभ में चल रहे थे।






बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI

## बैंक ऑफ इंडिया

नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा, "स्टार हाउस",
तीसरी मंजिल, एच –2, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली – 110001,
फोन: 011–23755606, 23755605

## इरादतन चूककर्ताओं के फोटोग्राफ के प्रकाशन के लिए सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **बैंक ऑफ इंडिया** ने निम्नलिखित व्यक्तियों (उधारकर्ताओं और/या गारंटरो होने के नाते) को आरबीआई द्वारा एवं साथ ही बैंक ऑफ इंडिया के बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार तथा इस संदर्भ में आरबीआई द्वारा और **बैंक ऑफ इंडिया** के बोर्ड द्वारा अनुबद्ध और निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करने के पश्चात् नीचे वर्णित खातों में, **'इरादतन चूककर्ता'** घोषित किया है। हम बड़े पैमाने पर जनता के हित में उधारकर्ता और/या गारंटरों की फोटो के साथ **'इरादतन चूककर्ता'**, खातों के नाम प्रकाशित कर रहें हैं।

| क्र. सं. | शाखा का नाम<br>उधारकर्ता (ओं) / गारंटर (ओं) का नाम एवं पता | एनपीए की तारीख और देय | खाते का नाम, पता और खाता संख्या | उधारकर्ता (ओं) / गारंटर (ओं) की फोटो एवं नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी मिड कॉर्पोरेट शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री जगदीश चंदर बजाज<br>सी–9/9695, वसंत कुंज, नई दिल्ली<br>श्रीमती रुचि बजाज<br>सी–9/9695, वसंत कुंज, नई दिल्ली | 30.06.2015<br>रु. 1,05,30,869.88<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स निलांश एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड<br>डी –6/ 26, (एलजीएफ)<br>वसंत विहार, नई दिल्ली<br>606830110000016 | <br>श्री जगदीश चंदर बजाज / श्रीमती रुचि बजाज |
| 2. | **कनॉट सर्कस शाखा / नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री नवेंदू बब्बर<br>ए –119, दूसरी मंजिल, फेज–1, विवेक विहार दिल्ली<br>श्रीमती मोनिका बब्बर<br>ए –119, दूसरी मंजिल, फेज–1, विवेक विहार दिल्ली | 31.12.2014<br>रु. 2,85,97,554.61<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स कार्वी वॉल माउंट प्राइवेट लिमिटेड<br>एच –92, ईपीआईपी– II, नीमराना, जिला अलवर, राजस्थान<br>600330110000041 | <br>श्री नवेंदू बब्बर / श्रीमती मोनिका बब्बर |
| 3. | **जनपथ शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री राजीव बंसल<br>सी –2/402, टॉप फ्लोर, जनकपुरी, नई दिल्ली | 29.06.2013<br>रु. 3,54,64,096.60<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स बालाजी ट्रेडर्स<br>25, न्यू भारत अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 5, सेक्टर –4, द्वारका, दिल्ली<br>600030110000024 | <br>श्री राजीव बंसल |
| 4. | **न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी मिड कॉरपोरेट शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्रीमती महिमा शर्मा<br>703, जैस्मीनियम 2, वाटिका सिटी, सोहना रोड, गुड़गांव | 31.12.2015<br>रु. 8,88,79,808.61<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स श्री हरि लामिपैक<br>914 ए, नौवीं मंजिल, टॉवर बी, स्पेज आईटी पार्क, सेक्टर –49 सोहना रोड, गुड़गांव<br>606870210000003<br>606870210000004<br>606830110000018 | <br>श्रीमती महिमा शर्मा |
| 5. | **नई दिल्ली मिड कॉर्पोरेट शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री सुरेन्द्र कुमार बंसल<br>एक्स–603, छठी मंजिल, सिद्धार्थ अपार्टमेंट्स, एम पी एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली<br>श्रीमती शेफाली बंसल<br>एक्स–603, छठी मंजिल, सिद्धार्थ अपार्टमेंट्स, एम पी एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली | 30.06.2014<br>रु. 59,12,72,188.84<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स बंसल डायमंड्स प्राइवेट लिमिटेड<br>2502, गुरुद्वारा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली<br>604165410000120<br>604165610000003<br>604930110000076 | <br>श्री सुरेन्द्र कुमार बंसल / श्रीमती शेफाली बंसल |
| 6. | **पहाड़गंज शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री राम सिंह<br>डी –171, सेक्टर –49, नोएडा यूपी<br>श्री दिनेश कुमार सिंघल<br>ए–131, सेक्टर –55, नोएडा यूपी | 31.12.2014<br>रु. 3,31,54,397.39<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स बायो फ्यूल इंडस्ट्रीज<br>1/1, औद्योगिक क्षेत्र, सिकंदराबाद, जिला बुलंदशहर, यूपी<br>600930110000023<br>600970410000006 | <br>श्री राम सिंह / श्री दिनेश कुमार सिंघल |
| 7. | **नई दिल्ली मिड कॉर्पोरेट शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री मुरारी लाल सोनी<br>3324, बैंक स्ट्रीट, करोल बाग दिल्ली<br>श्री मुकेश सोनी<br>3324, बैंक स्ट्रीट, करोल बाग दिल्ली | 31.12.2014<br>रु. 43,14,37,341.13<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स दिल्ली डायमंड्स प्राइवेट लिमिटेड<br>3162/33, बिडुनपुरा, सरस्वती मार्ग, करोल बाग, नई दिल्ली<br>604130110000054 | <br>श्री मुरारी लाल सोनी / श्री मुकेश सोनी |
| 8. | **सफदरजंग एन्क्लेव शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>डॉ. गुंजन सिंह<br>187–बी, माउण्ट कैलाश, ईस्ट ऑफ कैलाश नई दिल्ली | 27.09.2009<br>रु. 39,84,044.00<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स सरस्वती नर्सिंग होम<br>187–बी, माउण्ट कैलाश, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली<br>603665110000011<br>603625110000032<br>603672810000001 | <br>डॉ. गुंजन सिंह |
| 9. | **हौज खास शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री सुनील कुमार खन्ना<br>56, भूतल, डीडीए फ्लैट्स, शिवाजी एन्क्लेव, राजौरी गार्डन के पास, नई दिल्ली | 30.11.2011<br>रु. 53,62,578.88<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स श्रीनाथ इंजीनियरिंग कंपनी<br>सी–178, मायापुरी इंडस्ट्रियल एरिया, फेज– II, नई दिल्ली<br>600530110000019 | <br>श्री सुनील कुमार खन्ना |
| 10. | **नई दिल्ली ओवरसीज शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री प्रताप शंकर डॉन<br>जे –2, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, भूतल, नई दिल्ली<br>श्री.सम्बित बनर्जी<br>जे –2, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, भूतल, नई दिल्ली | 31.12.2010<br>रु. 13,65,93,624.69<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स अर्ची फ्लेक्सीबाइल एंड पैकेजिंग लिमिटेड, जे –2, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, भूतल, नई दिल्ली<br>604285510000005<br>604280110000035<br>604282610000036<br>604230110000070<br>604280510000004<br>604265310000137<br>604265110000004 | <br>श्री प्रताप शंकर डॉन / श्री.सम्बित बनर्जी |
| 11. | **नई दिल्ली एसएमई शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री विनय अग्रवाल<br>2145, 2146, 2147, सेक्टर 6, ब्लॉक बी, अर्बन एस्टेट, जींद, हरियाणा | 31.12.2012<br>रु. 24,69,34,128.93<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स जे.आर. इंटरनेशनल<br>2145, 2146, 2147, सेक्टर –6, ब्लॉक–बी, अर्बन एस्टेट, जींद हरियाणा<br>604930110000065 | <br>श्री विनय अग्रवाल |
| 12. | **झंडेवालान एक्सटेंशन शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री कमलेश कुमार रस्तोगी<br>जे–107, साउथ एक्सटेंशन पार्ट– I नई दिल्ली | 27.06.2011<br>रु. 8,99,46,624.45<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स होटल कशिश इंटरनेशनल<br>1563, लक्ष्मी नारायण स्ट्रीट, इंपीरियल सिनेमा के पास, पहाड़गंज, दिल्ली<br>602465210000001<br>602465210000002<br>602430100030106<br>602470400000216 | <br>श्री कमलेश कुमार रस्तोगी |
| 13. | **आसफ अली रोड शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री अंकित जैन<br>एस –17, ग्रेटर कैलाश पार्ट–I तीसरी मंजिल, एससीआई इंटरनेशनल स्कूल के सामने, नई दिल्ली<br>श्री विनोद गुप्ता<br>3394, भूतल, खसरा नंबर 135/4, गली नंबर 89, संत नगर बुराड़ी नई दिल्ली | 01.02.2011<br>रु. 1,53,03,096.50<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स क्लासिक इंटरप्राइजेज<br>एस –17, ग्रेटर कैलाश पार्ट– I, तीसरी मंजिल, एससीआई इंटरनेशनल स्कूल के सामने, नई दिल्ली<br>600182610000005<br>600185410000001<br>600120110000343 | <br>श्री अंकित जैन / श्री विनोद गुप्ता |
| 14. | **अंसारी रोड शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री मो. रशीद परवेज<br>3165, प्रथम तल, कुचा तारा चंद, दरियागंज, दिल्ली | 24.10.2010<br>रु. 76,76,787.00<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स जुनेद एंटरप्राइजेज<br>3165, प्रथम तल, कुचा तारा चंद दरियागंज दिल्ली<br>603230110000040<br>603230110000041 | <br>श्री मो. रशीद परवेज |
| 15. | **आसफ अली रोड शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री पदम चंद जैन<br>एस –17, ग्रेटर कैलाश पार्ट–I, तीसरी मंजिल, एससीआई इंटरनेशनल स्कूल के सामने, नई दिल्ली<br>श्री लोकेश गुप्ता<br>3394, भूतल, खसरा नंबर 135/4, गली नंबर 89, संत नगर बरारी नई दिल्ली | 01.02.2011<br>रु. 3,07,95,534.00<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स एमबीएन एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड<br>एस –17, ग्रेटर कैलाश पार्ट–I, तीसरी मंजिल, एससीआई इंटरनेशनल स्कूल के सामने, नई दिल्ली<br>600120110000357<br>600180510000001<br>600185510000002<br>600185210000002 | <br>श्री पदम चंद जैन / श्री लोकेश गुप्ता |
| 16. | **आजादपुर शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री राकेश मग्गो<br>ए –131, विशाल एन्क्लेव, नई दिल्ली<br>श्री चंदर मोहन मग्गो<br>ए –131, विशाल एन्क्लेव, नई दिल्ली | 30.09.2014<br>रु. 52,43,516.00<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | श्री राकेश मग्गो और श्री चंदर मोहन मग्गो<br>ए–131, विशाल एन्क्लेव, नई दिल्ली<br>602062610000034 | <br>श्री राकेश मग्गो / श्री चंदर मोहन मग्गो |
| 17. | **न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी मिड कॉर्पोरेट शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री कशिश कुमार रस्तोगी<br>जे –107, साउथ एक्सटेंशन पार्ट– I नई दिल्ली<br>श्री कमलेश कुमार रस्तोगी<br>जे –107, साउथ एक्सटेंशन पार्ट– I नई दिल्ली | 30.03.2011<br>रु. 10,41,11,212.16<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स कशिश कंट्री रिसोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड<br>जे –107, साउथ एक्सटेंशन, पार्ट– I, नई दिल्ली<br>606865410000001 | <br>श्री कशिश कुमार रस्तोगी / श्री कमलेश कुमार रस्तोगी |
| 18. | **झंडेवालान एक्सटेंशन शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री कशिश कुमार रस्तोगी<br>जे –107, साउथ एक्सटेंशन पार्ट– I नई दिल्ली | 28.06.2011<br>रु. 1,05,83,283.21<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | श्री कशिश कुमार रस्तोगी<br>जे –107, साउथ एक्सटेंशन, पार्ट–I, नई दिल्ली<br>602462610000010<br>602462610000009<br>602960510000038 | <br>श्री कशिश कुमार रस्तोगी |
| 19. | **झंडेवालान एक्सटेंशन शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री कमलेश कुमार रस्तोगी<br>जे –107, साउथ एक्सटेंशन पार्ट– I नई दिल्ली | 27.07.2011<br>रु. 1,08,17,907.00<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | श्री कमलेश कुमार रस्तोगी<br>जे –107, साउथ एक्सटेंशन, पार्ट–I, नई दिल्ली<br>602460610000082<br>602462610000008<br>602462610000011 | <br>श्री कमलेश कुमार रस्तोगी |
| 20. | **झंडेवालान एक्सटेंशन शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्रीमती पूनम रस्तोगी<br>जे –107, साउथ एक्सटेंशन, पार्ट–I, नई दिल्ली | 28.08.2011<br>रु. 49,15,379.89<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | श्रीमती पूनम रस्तोगी<br>जे –107, साउथ एक्सटेंशन, भाग–I, नई दिल्ली<br>602462610000007<br>602462610000012 | <br>श्रीमती पूनम रस्तोगी |
| 21. | **चांदनी चौक शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्री नीरज गुप्ता<br>प्लॉट नंबर.16–17, क्र. नं. 17/1 सी, जकात नाका के सामने, ढंडोरी पुणे | 13.02.2015<br>रु. 1,10,69,481.12<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स शिखा टेलीकॉम<br>प्लॉट नंबर.16–17, क्र. नं. 17/1 सी जकात नाका के सामने, ढंडोरी पुणे<br>601130110000106 | <br>श्री नीरज गुप्ता |
| 22. | **जनपथ शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा**<br>श्रीमती अनुभा जैन<br>ए–9, ओबेरॉय अपार्टमेंट, 2, शामनाथ मार्ग, सिविल लाइंस दिल्ली | 29.06.2011<br>रु. 1,23,73,574.29<br>एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार | मैसर्स साई ग्लोबल, ए–9, ओबेरॉय अपार्टमेंट 2, शामनाथ मार्ग, सिविल लाइंस दिल्ली<br>600020110000249<br>600082610000005<br>600080210000014<br>600070310000002<br>600085110000012 | <br>श्रीमती अनुभा जैन |

दिनांक: 11.06.2019
स्थान: नई दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इण्डिया





**स्मिथ का मजाक नहीं उड़ाएंगे पाकिस्तानी प्रशंसक : सरफराज**

पाकिस्तान के कप्तान सरफराज अहमद ने कहा कि बुधवार को मैच के दौरान पाकिस्तानी प्रशंसक आस्ट्रेलियाई स्टार स्टीव स्मिथ का मजाक नहीं उड़ाएंगे। मैच में काफी संख्या में पाकिस्तानी प्रशंसकों के पहुंचने की उम्मीद है और आशंका व्यक्त की जा रही है कि वे भी भारतीय प्रशंसकों का अनुसरण करके स्मिथ की हूटिंग कर सकते हैं।



**मैच धुला** इंग्लैंड में विश्व कप मुकाबले के दौरान मंगलवार को हुई बारिश में श्रीलंका और बांग्लादेश का मैच धुल गया।

## हार्दिक की मौजूदगी से सहायक की भूमिका में था : कोहली

नाटिंघम, 11 जून (भाषा)।

विराट कोहली बल्लेबाजी करते समय आसानी से आक्रामक रूख अख्तियार कर सकते हैं लेकिन भारतीय कप्तान को लगता है कि हार्दिक पंड्या जैसे बड़े शॉट खेलने वाले एक खिलाड़ी की उपस्थिति से उन्हें कई बार सहायक की भूमिका निभाने का मौका मिलता है।

ऐसा कम ही होता है जब कोहली के आखिरी के ओवरों में क्रीज पर रहने के बाद भी उनके गेंद और रन का अंतर ज्यादा ना हो। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप के मैच में उन्होंने 77 गेंद में 82 रन की पारी खेली जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल थे।




आखिरी ओवरों में कोहली मिशेल स्टार्क पर दो छक्के लगाने के अलावा एक और दो रन दौड़ कर खुश थे जबकि पंड्या दूसरे छोर से आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे थे। पंड्या ने 25 गेंद में 48 रन बनाए। वह आक्रामक बल्लेबाजी के बारे में सोच रहे थे तो कोहली ने कहा, 'जब मैंने अर्धशतक पूरा किया तब मेरे दिमाग में यह ख्याल आया था। मैंने पंड्या से बात की और उन्होंने कहा, मुझे जोखिम उठाने की जरूरत नहीं।' पंड्या ने भारतीय कप्तान को सुझाव दिया कि वे सहायक की भूमिका निभाएं क्योंकि उनकी (कोहली की) मौजूदगी से उन्हें आक्रामक खेल की ज्यादा आजादी मिलती है।

कोहली ने कहा, 'हार्दिक ने कहा कि अगर वे (कोहली) एक छोर पर हैं तो उन्हेंअपना खेल खेलने की आजादी मिलेगी। इसलिए मुझे एक छोर संभालने की जिम्मेदारी लेनी थी, लेकिन मैं भी लय को बरकरार रखना चाहता था।' उन्होंने कहा कि बड़े शॉट नहीं खेलने का एक और कारण था कि आखिरी ओवरों में उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले। विराट ने कहा, 'आखिरी के पांच, छह ओवरों में मुझे लगाता है कि मैंने सिर्फ छह गेंद का सामना किया। ऐसा भी हुआ जब तीन ओवरों में मुझे सिर्फ एक गेंद खेलने को मिली और उस पर भी मैंने एक रन लिया।

एक बल्लेबाज के तौर पर आप तुरंत लय हासिल नहीं कर सकते। एक दिवसीय मैचों में यह आम बात है।' कप्तान को ऐसी स्थिति में सहायक की भूमिका निभाने में कोई समस्या नहीं होती जब दूसरे छोर से कोई आक्रामक बल्लेबाजी करता है। उन्होंने कहा, 'जब तक हार्दिक और एमएस (धोनी) जैसे लोग खेलते हैं, मुझे सिर्फ अपना काम करने और एक रन लेकर दूसरे छोर पर जाने में कोई समस्या नहीं है। कभी आपको भी बड़ा शॉट खेलने का मौका मिलेगा।' कोहली ने अपनी खेल योजना को समझाते हुए कहा, 'अगर कुछ खिलाड़ी अच्छे स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं तो आप सहायक की भूमिका में खेल का नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं। अगर हम उस समय पांच विकेट गंवा देते तो शायद 20 रन कम बनाते।'

उन्होंने कहा, 'हार्दिक ने मुझसे कहा था अगर मैं एक छोर पर रहूं तो वह दूसरे छोर से खुल कर बल्लेबाजी कर सकते हैं। वे 200 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करना चाहता थे और उनके बाद धोनी ने इस भूमिका को शानदार तरीके से निभाया।''

> "जब तक हार्दिक और एमएस (धोनी) जैसे लोग खेलते हैं, मुझे सिर्फ अपना काम करने और एक रन लेकर दूसरे छोर पर जाने में कोई समस्या नहीं है। कभी आपको भी बड़ा शॉट खेलने का मौका मिलेगा।"
>
> – विराट कोहली, कप्तान, भारतीय क्रिकेट टीम



# पाकिस्तान की निगाह जीत की लय बरकरार रखने पर, आस्ट्रेलिया वापसी को बेकरार

टांटन, 11 जून (भाषा)।

मेजबान इंग्लैंड को हराकर उलटफेर करने वाली पाकिस्तान की टीम बुधवार को जब आइसीसी क्रिकेट विश्व कप में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश मौजूदा चैंपियन को शिकस्त देकर जीत की लय को बरकरार रखने की होगी। टूर्नामेंट में शुरुआती दो मैचों में अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत दर्ज करने वाली आस्ट्रेलियाई टीम भारत के खिलाफ मिली हार को भुला कर अपने अभियान को पटरी पर वापस लाना चाहेगी।

यह वही मैदान है जहां स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में पांच साल की सजा काटने के बाद पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शानदार वापसी की थी। 2016 में खेले गए इस मुकाबले में आमिर ने समरसेट के खिलाफ इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज मार्कस ट्रेस्कोथिक सहित तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेज था। आमिर एक बार फिर इस मैदान पर अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे।

विश्व कप में पाकिस्तान का अभियान खराब तरीके से शुरू हुआ। वेस्टइंडीज के खिलाफ टीम 105 रन पर आउट होने के बाद मैच सात विकेट से मैच गंवा बैठी। अपने दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान ने हालांकि खिताब के प्रबल दावेदार एक दिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज इंग्लैंड को 14 रन से हराकर सबको चौंका दिया। श्रीलंका के खिलाफ टीम का तीसरा मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया और दोनों टीमों को 1-1 अंक साझा करना पड़ा।

पाकिस्तान की टीम हालांकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले 14 मुकाबलों में सिर्फ एक में जीत दर्ज कर सकी है। कप्तान सरफराज अहमद ने कहा कि टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ भी ज्यादा मुकाबले नहीं जीते हैं लेकिन विश्व कप में उनके खिलाफ मिली जीत से हौसले बुलंद है।

सरफराज ने कहा, 'हमने आस्ट्रेलिया के खिलाफ ज्यादा मैच नहीं जीते हैं लेकिन हमने इंग्लैंड के खिलाफ भी ज्यादा मैच नहीं जीते थे। उसके बावजूद हमने इंग्लैंड को हराया और इससे हमें बहुत सकारात्मकता मिली है। हम इंग्लैंड के खिलाफ आक्रामक रवैये के साथ मैदान में उतरेंगे। पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, 'हम जानते हैं कि आस्ट्रेलिया वापसी की कोशिश करेगा। (स्टीव) स्मिथ और (डेविड) वार्नर के साथ वापसी से टीम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।' आस्ट्रेलिया को टूर्नामेंट में दो अर्धशतक लगाने वाले डेविड वार्नर से एक बार फिर आतिशी पारी की उम्मीद होगी।

भारत के खिलाफ हालांकि वार्नर ने 56 रन बनाने के लिए 84 गेंदों का सामना किया जिसमें 48 गेंद ऐसी थीं जिन पर वह रन नहीं बना सके। उनकी धीमी पारी का खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा और उसे भारत के खिलाफ 36 हार का सामना करना पड़ा। फिंच ने हालांकि सलामी बल्लेबाजी में अपने जोड़ीदार वार्नर का बचाव किया। वार्नर और स्मिथ गेंद से छेड़छाड़ का दोषी पाए जाने के बाद एक साल के निलंबन से वापसी कर रहे है। फिंच ने कहा, 'भारत ने वार्नर के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की और उन्हें कुछ और समय चाहिए। वे एक विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं और हमें शानदार शुरुआत दिलाएंगे।'

### आमने-सामने

**आस्ट्रेलिया**



भारत ने वार्नर के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की। उन्हें कुछ और समय चाहिए। वे हमें शानदार शुरुआत दिलाएंगे।

*–फिंच, कप्तान, आस्ट्रेलिया*

**पाकिस्तान**



हम जानते हैं कि आस्ट्रेलिया वापसी की कोशिश करेगा। (स्टीव) स्मिथ और (डेविड) वार्नर के साथ वापसी से टीम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

*–सरफराज, कप्तान, पाकिस्तान*

### मैच का समय

दोपहर बाद तीन बजे से

# हाथ में चोट के कारण कम से कम तीन मैचों से बाहर हो सकते हैं धवन

## शिखर टीम के संग बने रहेंगे, लोकेश राहुल के रूप में भारत के पास है विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज

नाटिंघम, 11 जून (भाषा)।

फार्म में चल रहे भारत के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन बाएं हाथ में हेअरलाइन फैक्चर के कारण मंगलवार को विश्व कप के कम से कम तीन मैचों से बाहर हो गए। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के तीसरे मैच से पहले यह टीम के लिए झटका है लेकिन अच्छी खबर यह है कि उनके चोट से उबरने की संभावना है और यही कारण है कि टीम प्रबंधन ने उनके विकल्प की मांग नहीं की है।

भारतीय टीम की मीडिया मैनेजर मॉलिन पारिख ने आधिकारिक वट्सऐप ग्रुप पर लिखा, 'टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अभी बीसीसीआइ की मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। टीम प्रबंधन ने फैसला किया है कि धवन इंग्लैंड में ही रहेंगे और उनकी प्रगति पर निगाह रखी जाएगी।' शुरुआत में पता चला था कि धवन के अंगूठे में फ्रैक्चर है लेकिन स्पष्ट किया गया है कि चोट उनके हाथ के पीछे वाले हिस्से पर है।

मीडिया मैनेजर ने आगे कहा, 'धवन को बाएं हाथ के पीछे तर्जनी और अंगूठे के बीच के हिस्से में आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप 2019 के लीग मैच के दौरान चोट लगी।' बाएं हाथ के धवन मंगलवार को विशेषज्ञों की सलाह के लिए फिजियो पैट्रिक फरहार्ट के साथ लीड्स गए थे।

धवन गुरुवार को न्यूजीलैंड और रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाएंगे। यह देखना होगा कि वे 22 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं। टीम प्रबंधन को हालांकि उम्मीद है कि वह टूर्नामेंट के अंतिम चरण के लिए फिट हो जाएंगे। ब्रिटेन में मौजूद बीसीसीआइ के एक सीनियर अधिकारी ने बताया, 'फिलहाल कोई विकल्प नहीं मांगा गया है। टीम प्रबंधन का मानना है कि शिखर मैच विजेता हैं और उन्हें फिट होने के लिए सभी मौके मिलने चाहिए। यहां उनका उपचार और उबरना तेजी से हो सकता है और टीम को उनके फिट होने की उम्मीद है।'

उन्होंने कहा, 'टीम प्रबंधन ने कभी विकल्प की मांग नहीं की। मुझे नहीं पता कि ऋषभ पंत के टीम से जुड़ने की खबरें कहां से आ रही हैं। यह मीडिया की अटकलबाजी है।'

पाकिस्तान के खिलाफ 16 जून को होने वाले मुकाबले के बाद भारत को अपना अगला मैच अफगानिस्तान के खिलाफ 22 जून को खेलना है और ऐसे में धवन के पास उबरने के लिए कम से कम 11 दिन का समय होगा। धवन अगर अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में भी नहीं खेल पाते हैं तो भारत को अगला मैच 27 जून को मैनचेस्टर में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलना है जिससे उन्हें उबरने के लिए छह और दिन का समय मिलेगा।

ऐसे में टीम प्रबंधन जोखिम लेने के बारे मे सोच रहा है ताकि वे टीम के आखिरी दो या तीन लीग मैच के लिए फिट हो जाएं। भारत को 30 जून को इंग्लैंड, दो जुलाई को बांग्लादेश और छह जुलाई को श्रीलंका के खिलाफ खेलना है।

पता चला है कि टीम प्रबंधन धवन के विकल्प को लेकर अधिक उत्सुक नहीं है जब तब कि डॉक्टर उन्हें एक महीने से अधिक समय के लिए बाहर नहीं कर देते। टीम इंडिया के पास लोकेश राहुल के रूप में विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज हैं जो रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में विजय शंकर या दिनेश कार्तिक को अगले दो मैचों में मध्यक्रम में खेलने का मौका मिल सकता है।



**धवन** ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को 109 गेंद में 117 रन की पारी खेली थी। आइसीसी प्रतियोगिताओं में धवन के शानदार रेकार्ड को देखते हुए उनकी यह चोट भारत के लिए बड़ा झटका है। धवन ने विश्व कप के 10 मैचों में 53.70 की औसत और 94.21 के स्ट्राइक रेट से 537 रन बनाए हैं।

### विश्व कप डायरी

## युवराज एक बेहतर विदाई के हकदार थे : रोहित शर्मा

नाटिंघम, 11 जून (भाषा)।

भारतीय सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने युवराज सिंह के उतार-चढ़ाव भरे करिअर की सराहना करते हुए कहा कि वे 17 साल तक शीर्ष स्तरीय क्रिकेट के बाद बेहतर विदाई के हकदार थे।



एकदिवसीय टीम के उपकप्तान ने ट्विटर पर लिखा, 'आपको किसी चीज की अहमियत का तब पता चलता है जब वह आपके पास नहीं होती। भाई, आपको बहुत सारा प्यार। आप एक बेहतर विदाई के हकदार थे।' भारत की तरफ से वेस्टइंडीज के खिलाफ जून, 2017 में अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले युवराज ने सोमवार को मुंबई में क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।

युवराज हालांकि टेस्ट में सफल रहे और उन्हें विदाई मैच खेलने का मौका कभी नहीं मिला। अपने 17 साल के अंतरराष्ट्रीय करिअर के दौरान वे 2007 में टी20 विश्व कप और 2011 में एक दिवसीय विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

## वॉ ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ हार्दिक की धमाकेदार पारी की तुलना क्लूजनर से की

लंदन, 11 जून (भाषा)।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने हार्दिक पंड्या की तुलना दक्षिण अफ्रीका के लांस क्लूजनर से करते हुए कहा कि इस भारतीय हरफनमौला के पास बड़े शॉट खेलने की ऐसी काबिलियत है जिसका विरोधी कप्तानों के पास कोई जवाब नहीं।

पंड्या ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द ओवल में 27 गेंदों में 48 रन की पारी खेली जिससे भारत ने 5 विकेट पर 352 रनों का बड़ा स्कोर बनाया। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 316 रनों पर आउट कर 36 रन से जीत दर्ज की। वॉ ने आइसीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपने कॉलम में लिखा, 'हार्दिक पंड्या की पारी विरोधी टीमों को चौंका देगी। यह खिलाड़ी 1999 विश्व कप में खेलने वाले लांस क्लूजनर के बराबर हो सकता है। ज्यादातर खिलाड़ी अपनी पारी के आखिर में जैसी बल्लेबाजी करते हैं वह उस तरीके से अपनी पारी शुरू करने की क्षमता रखते हैं।

## श्रीलंका का लगातार दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ा

ब्रिस्टल, 11 जून (भाषा)।

श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच मंगलवार को यहां खेला जाने वाला क्रिकेट विश्व कप का लीग मैच लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द हो गया जिससे दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला।

मौजूदा टूर्नामेंट का यह लगातार दूसरा मैच है जिसका बारिश के कारण नतीजा नहीं निकला। सोमवार को वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच हुआ मुकाबला भी बारिश के कारण 7.3 ओवर के खेल के बाद रद्द हो गया था।

मैच की शुरुआत के निर्धारित समय से पहले से ही बारिश हो रही थी जिसके कारण टास भी नहीं हो सका। बीच में कुछ समय के लिए बारिश धीमी हुई जिससे मैच होने की उम्मीद बंधी थी लेकिन दोबारा बारिश तेज हो जाने के कारण मैच शुरू नहीं हो पाया। अंततः अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार एक बजकर 57 मिनट पर मैच रद्द करने का फैसला किया। श्रीलंका का यह लगातार दूसरा मैच है जिसे बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द करना पड़ा। पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका के पिछले मैच में भी बारिश के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी।

बांग्लादेश और श्रीलंका का यह मैच मौजूदा विश्व कप का तीसरा मुकाबला है जिसका बारिश के कारण नतीजा नहीं निकल पाया और टीमों को अंक बांटने पड़े। इससे पहले कभी किसी विश्व कप में तीन मैच बेनतीजा या रद्द नहीं हुए थे। श्रीलंका के अब चार मैचों में एक जीत, एक हार और दो बेनतीजा मैचों से चार अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है।

## हूटिंग कर रहे दर्शकों को शांत कराना कोहली का सराहनीय काम : वॉ

लंदन, 11 जून (भाषा)।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने स्टीव स्मिथ के खिलाफ हूटिंग कर रहे दर्शकों को शांत करने के लिए विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि यह 'सराहनीय काम' था।

दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के विवादास्पद मामले के कारण एक साल का प्रतिबंध झेलने के बाद वापसी करने वाले स्मिथ को प्रभावशाली प्रदर्शन के बावजूद इंग्लैंड के प्रत्येक मैदान पर दर्शकों के कोपभाजन का शिकार बनना पड़ रहा है।



ऑस्ट्रेलिया को 1999 में विश्व चैम्पियन बनाने वाले वॉ ने आइसीसी की वेबसाइट पर लिखा, 'नेतृत्व कई रूपों में खुद को प्रकट करता है, लेकिन मुझे लगा कि भारतीय दर्शकों से स्टीव स्मिथ पर कसी गई फब्तियों को शांत करने में कोहली की अपील एक सराहनीय काम था जिसने स्थिति को बिगड़ने से रोक लिया।'

**भारत और आस्ट्रेलिया के बीच मुकाबले में दर्शकों ने स्मिथ पर फब्तियां कसीं और उन्हें धोखेबाज कहा। तब कोहली ने दर्शकों को ऐसा करने से रोका था।**

भारत और आस्ट्रेलिया के बीच रविवार को खेले गये इस मुकाबले में दर्शकों ने स्मिथ पर फब्तियां कसीं और उन्हें धोखेबाज कहा। तब आस्ट्रेलियाई टीम क्षेत्ररक्षण कर रही थी। कोहली ने दर्शकों को ऐसा करने से रोका और इसके बजाय उनकी बल्लेबाजी का लुत्फ उठाने को कहा। भारत ने यह मैच 36 रन से जीता।

कोहली ने मैच के बाद कहा था, 'मुझे उनके लिए बुरा लगा और मैंने उससे कहा, 'मैं दर्शकों की तरफ से खेद व्यक्त करता हूं क्योंकि मैंने पिछले कुछ मैचों में भी ऐसा होते हुए देखा है।' मेरे विचार में यह अस्वीकार्य है।'

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 206, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

## कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
## किसान भाईयों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

हरित चारा विकास कार्यक्रम (GFDP) - RKVY स्कीम के अंतर्गत हरियाणा के सभी जिलों में ज्वार के प्रदर्शन प्लाटों पर अनुदान किसानों को दिया जाना है। अनुदान लेने के इच्छुक किसान भाई कृषि तथा किसान कल्याण विभाग हरियाणा की वैबसाईट www.agriharyana.gov.in में Agri Schemes Goverance Link पर जाकर e-agri Portal पर click करें। किसान भाई अपना आवेदन दिनांक 10 .07 .2019 तक कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने जिले के संबंधित कृषि विकास अधिकारी/ब्लाक कृषि अधिकारी/ उपमंडल कृषि अधिकारी/ उप कृषि निदेशक के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18001802117 पर संपर्क कर सकते हैं।

76817/HRY

## दक्षिणी दिल्ली नगर निगम

**अधिशासी अभियंता ( डीईएमएस ) नजफगढ़ जोन का कार्यालय**
**दूसरा तल, आर.आर. डिपो, निकट मेट्रो स्टेशन द्वारका**
**सेक्टर-9, दिल्ली-110075**

सं. डी/ईई( डीईएमएस )एनजीजेड/2019-20/02/67 दिनांक: 10.06.2019

**निविदा आमंत्रण सूचना**

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पात्र/योग्य बोलीदाताओं से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

1. एनजीजेड वार्ड **30एस से 42एस** में 90 दिनों के लिए 8 घंटे कार्य आधार पर न्यूनतम 40 किमी प्रतिदिन दूरी तय करने के साथ एमएसडब्ल्यू/कचरा/मलबा/नाली की गाद (सिल्ट) इत्यादि उठाने/एकत्रित करने के लिए एक मजदूर और ड्राइवर सहित ऑटो-टिपिंग सुविधा के साथ 52 एल.एम.वी. (छोटे), टाटा मैजिक या समकक्ष, किराए पर लेना। अनुमानित लागत: **रु.143.345 लाख**, धरोहर राशि: **रु.2,86,700/-**। 2. एनजीजेड वार्ड **43एस से 54एस** में 90 दिनों के लिए 8 घंटे कार्य आधार पर न्यूनतम 40 किमी प्रतिदिन दूरी तय करने के साथ एमएसडब्ल्यू/कचरा/मलबा/नाली की गाद इत्यादि उठाने/एकत्रित करने के लिए एक मजदूर और ड्राइवर सहित ऑटो-टिपिंग सुविधा के साथ 48 एल.एम.वी. (छोटे), टाटा मैजिक या समकक्ष, किराए पर लेना। अनुमानित लागत: **रु.132.70 लाख**, धरोहर राशि: **रु.2,65,400/-**। 3. अगले 90 दिनों के लिए एनजीजेड में चयनित/उपेक्षित बिंदुओं (वलनरेबल प्वाइंट्स) से एमएसडब्ल्यू/गाद का द्वितीयक संग्रह और ओखला एसएलएफ/अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र तक परिवहन। अनुमानित लागत: **रु.147.585 लाख**, धरोहर राशि: **रु.2,95,200/-**। 4. नजफगढ़ जोन में द्वारका उप-शहर में 90 दिनों के लिए मिश्रित कचरा/गाद उठाने के लिए 20 टाटा-407 पिकअप ट्रक किराए पर लेना। अनुमानित लागत: **रु.102.68 लाख**, धरोहर राशि: **रु.2,05,400/-**।

निविदा को **अधिशासी अभियंता ( डीईएमएस )/एनजीजेड** के ऊपर दिए गए पते पर जमा करने की **अंतिम तारीख 20.06.2019 अपराह्न 01:00 बजे** तक है। पात्रता मानदंड और अन्य विवरण/निविदा दस्तावेज को द.दि.न.नि. की वेबसाइट **http:www.tenderwizard.com/SOUTHDMCETENDERS** से डाउनलोड किया जा सकता है या निविदा जमा करने की तारीख से पहले किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

-हस्ता/-

R.O. No.12/DPI/S/2019-20 अधिशासी अभियंता (डीईएमएस)/एनजीजेड

RAMNATH GOENKA EXCELLENCE IN JOURNALISM AWARDS

RAMNATH GOENKA MEMORIAL FOUNDATION

INDIAN EXPRESS GROUP

INDIA'S MOST PRESTIGIOUS AND COVETED JOURNALISM AWARDS

# CALL FOR ENTRIES

Acknowledging accuracy, courage, credibility & fairness

**2018**

**Award Categories**

**Print/Digital & Broadcast**

- Reporting from Conflict States
- Hindi
- Regional Languages
- Environment, Science and Technology Reporting
- Uncovering India Invisible
- Business and Economic Journalism
- Reporting on Politics and Government
- Sports Journalism
- Investigative Reporting

**Print/Digital**

- Reporting on Arts, Culture and Entertainment
- Foreign Correspondent Covering India
- Editorial Commentary and Cartoons
- Books (Non-Fiction)
- Prakash Kardaley Memorial Award for Civic Journalism
- Photo Journalism
- Best Student–Run Newspaper, Magazine and Digital News Portal

LAST DATE FOR ENTRIES | JULY 15, 2019
Entries are invited for the year 2018 only.

Log on to **www.indianexpress.com/rngf** | Write to us at **rngf@expressindia.com**
Ramnath Goenka Memorial Foundation, Express Building, B-1/B, Sector-10, Noida-201 301, Uttar Pradesh, India.

# एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड

कृषक यत्न रक्षणम्
www.aicofindia.com

पंजिकृत कार्यालय : प्लेट बी एवं सी, 5वी मंजिल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर , नईं दिल्ली 110 023 | पंजीकरण सं. 126 (REGISTRATION NO- 126) (आईआरडीए के साथ पंजीकरण की तिथि : अक्टूबर 30, 2003)
CIN-U74999DL2002PLC118123 | Toll Free Helpline : 1800-116-515

## 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष का वित्तीय लेखापरीक्षित परिणाम

### 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए राजस्व खाता

| क्रम सं. | विवरण | अनुसूची | वर्तमान वर्ष 31.03.2019 (Rs. '000) | गत वर्ष 31.03.2018 (Rs. '000) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अर्जित प्रीमियम ( निवल ) | 1 | 16516572 | 17795232 |
| 2 | निवेशों की बिक्री/प्रतिदान का लाभ/हानि | | 2999 | 39983 |
| 3 | अन्य :- | | | |
| | निवेशों में छूट की अभिवृद्धि | | 191610 | 488557 |
| 4 | ब्याज, लाभांश और किराया-सकल | | 3171956 | 3179343 |
| | **कुल (क)** | | **19883137** | **21503115** |
| 1 | उपगत दावे (निवल) | 2 | 15236371 | 18192295 |
| 2 | कमीशन | 3 | (2633318) | (5405100) |
| 3 | व्यय | 4 | 2132482 | 1634097 |
| 4 | प्रीमियम में कमी | | 0 | 0 |
| 5 | बैंक ब्याज | | 16770 | 2725 |
| 6 | निवेशों से संबंधित व्यय : | | | |
| | क ) निवेशों पर प्रीमियम का परिशोधन | | 54721 | 42344 |
| | ख) बैंक प्रभार | | 24 | 7 |
| | ग)स्टॉक होल्डिंग प्रभार | | 2722 | 2716 |
| | घ)अन्य व्यय | | 1 | 56 |
| | **कुल (ख)** | | **14809773** | **14469140** |
| | फसल बीमा व्यवसाय से परिचालन लाभ ग =(क -ख) | | **5073364** | **7033975** |
| | विनियोग | | | |
| | शेयरधारकों के खाते में अंतरण | | 5073364 | 7033975 |
| | आपदा संचय में अंतरण | | 0 | 0 |
| | अन्य आरक्षणों में अंतरण | | 0 | 0 |
| | **कुल** | | **5073364** | **7033975** |

### 31 मार्च, 2019 तक का तुलन पत्र

| क्रम सं. | विवरण | अनुसूची | वर्तमान वर्ष 31.03.2019 (Rs. '000) | गत वर्ष 31.03.2018 (Rs. '000) |
|---|---|---|---|---|
| क | निधियों के स्रोत | | | |
| 1 | शेयर पूंजी | 5 | 2000000 | 2000000 |
| 2 | आरक्षित एवं अधिशेष | 6 | 37670953 | 33629301 |
| 3 | उचित मूल्य परिवर्तन खाता | | | |
| | (क ) ( शेयर धारक) | | 43458 | 55711 |
| | (ख ) ( पॉलिसी धारक) | | 72832 | 128072 |
| 4 | आस्थगित कर देयता ( निवल) | | 0 | 0 |
| 5 | उधार | 7 | 0 | 0 |
| | **कुल** | | **39787243** | **35813084** |
| ख | निधियों का अनुप्रयोग | | | |
| 1 | निवेश | | | |
| | (क) निवेश (शेयर धारक) | 8 | 26064327 | 23062712 |
| | (ख ) निवेश ( पॉलिसी धारक) | 8A | 43681045 | 53018025 |
| 2 | ऋण | 9 | 120461 | 93899 |
| 3 | स्थायी परिसंपत्तियाँ | 10 | 2795603 | 2304149 |
| 4 | आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ (निवल) | | 49047 | 75732 |
| 5 | चालू परिसंपत्तियाँ | | | |
| (क) | नकद और बैंक बकाया | 11 | 24663556 | 26491277 |
| (ख ) | अग्रिम और अन्य परिसंपत्तियाँ | 12 | 25193285 | 29293764 |
| | *कुल (क)* | | 49856841 | 55785041 |
| 6 | चालू देयताएं | 13 | 74041038 | 88693161 |
| 7 | प्रावधान | 14 | 8739043 | 9833313 |
| | *कुल (ख)* | | 82780081 | 98526474 |
| | निवल चालू परिसंपत्तियाँ (ग ) = (क ) - (ख ) | | (32923240) | (42741433) |
| 8 | विविध व्यय | 15 | 0 | 0 |
| | (बट्टे या समयोग न करने पर) | | | |
| 9 | लाभ और हानि खाते में नामे शेष | | 0 | 0 |
| | **कुल** | | **39787243** | **35813084** |

### 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ और हानि खाता

| क्रम सं. | विवरण | अनुसूची | वर्तमान वर्ष 31.03.2019 (Rs. '000) | गत वर्ष 31.03.2018 (Rs. '000) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन लाभ/ (हानि) | | | |
| | फसल बीम व्यवसाय | | 5073364 | 7033975 |
| 2. | निवेशों से आय | | | |
| | क ) ब्याज, लाभांश और किराया- सकल | | 1892694 | 1383010 |
| | ख ) निवेशों की बिक्री पर लाभ | | 1790 | 18202 |
| | घटाएं | | 0 | (810) |
| | ग) निवेश में छूट में अभिवृद्धि | | 114333 | 212521 |
| 3. | अन्य आय | | | |
| | क ) विविध प्राप्तियाँ | | 163971 | 85015 |
| | ख ) परिसंपत्तियों की बिक्री से लाभ | | 0 | 286 |
| | ग) पूर्व अवधि आय | | 0 | 10125 |
| | **कुल (क)** | | **7246152** | **8742324** |
| 4. | प्रावधान (कराधान के अलावा ) | | | |
| | क )निवेश मूल्य में कमी के लिए प्रावधान | | 0 | 0 |
| | ख ) संदिग्ध ऋण के लिए प्रावधान | | 150000 | 21242 |
| | ग ) मानव परिसंपत्तियों के लिए प्रावधान | | 0 | (180665) |
| | घ ) गैर-निष्पादित निवेश के लिए प्रावधान | | 400000 | 0 |
| 5. | अन्य व्यय | | | |
| | क) बीमा व्यवसाय के अलावा अन्य व्यय | | | |
| | i) निवेशों पर प्रीमियम का परिशोधन | | 32651 | 18419 |
| | ii) स्टॉक होल्डर प्रभार | | 1624 | 1181 |
| | iii) बैंक प्रभार- निवेश | | 14 | 3 |
| | iv) निवेश से संबंधित अन्य व्यय | | 1 | 24 |
| | ख ) अप्राप्तीय ऋण बट्टे खाते | | 0 | 0 |
| | ग)अन्य | | | |
| | i) परिसंपत्तियों की बिक्री पर हानि | | 130 | 0 |
| | ii) अपलिखित आरंभिक व्यय | | 39 | 449 |
| | iii) कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व | | 112696 | 83210 |
| | **कुल (ख)** | | **697155** | **(56137)** |
| | **कर पूर्व लाभ (ग =क -ख)** | | **6548997** | **8798461** |
| | कराधान का प्रावधान | | | |
| | क )आय कर (चालू वर्ष ) | | 2120000 | 2936200 |
| | ख ) आय कर (विगत वर्ष ) | | (1006) | (18780) |
| | ग )आस्थगित कर | | 26685 | (75647) |
| | **कुल (घ )** | | **2145679** | **2841773** |
| | **कर पश्चात लाभ (ड =ग -घ )** | | **4403318** | **5956688** |
| | विनियोग | | | |
| | क) वर्ष के दौरान भुगतान किया गया अंतरिम लाभांश | | 0 | 0 |
| | ख ) प्रस्तावित अंतिम लाभांश | | 300000 | 0 |
| | ग ) लाभांश वितरण कर | | 61666 | 0 |
| | घ) सामान्य आरक्षित निधि में अंतरण | | 4041652 | 5956688 |
| | **कुल** | | **4403318** | **5956688** |
| | कर और विनियोग के पश्चात लाभ | | **0** | **0** |
| | योग : गत वर्ष के आगे लाये गए लाभ /(हानि) के शेष | | 0 | 0 |
| | तुलनपत्र में आगे लाये गए शेष | | **0** | **0** |
| | प्रति शेयर मूल आय ( रुपये में ) | | 22.02 | 29.78 |
| | प्रति शेयर मिश्रित आय ( रुपये में) | | 22.02 | 29.78 |
| | इक्विटी शेयरों की संख्या (हजारों में ) | | 200000 | 200000 |
| | प्रति शेयर अंकित मूल्य (रुपयों में ) | | 10.00 | 10.00 |

### प्रमुख विशलेषणत्मक अनुपात

| क्र. सं. | विवरण | मार्च -19 प्रतिशत / अनुपात | मार्च - 18 प्रतिशत / अनुपात |
|---|---|---|---|
| 1 | सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम वृद्धि दर | -12.57% | 13.09% |
| 2 | निवल मूल्य अनुपात में सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम * | 1.83 | 2.35 |
| 3 | निवल मूल्य की वृद्धि दर | 12.02% | 21.53% |
| 4 | निवल प्रतिधारण अनुपात | 22.57% | 22.56% |
| 5 | निवल कमीशन अनुपात | -16.90% | -30.35% |
| 6 | सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम अनुपात के प्रबंधन स्तर पर व्यय | 3.19% | 2.18% |
| 7 | निवल लिखित प्रीमियम अनुपात के प्रबंधन पर व्यय | 14.12% | 9.66% |
| 8 | निवल अर्जित प्रीमियम के निवल उपगत दावे | 92.25% | 102.23% |
| 9 | संयुक्त अनुपात | 89.04% | 81.06% |
| 10 | निवल प्रीमियम अनुपात में तकनीकी आरक्षण | 2.25 | 2.60 |
| 11 | जोखिम अंकन का शेष अनुपात | 0.11 | 0.19 |
| 12 | परिचालन लाभ अनुपात | 31.17% | 39.80% |
| 13 | देयता अनुपात में नकद परिसंपत्तिया | 1.60 | 1.34 |
| 14 | निवल आय अनुपात | 28.25% | 33.44% |
| 15 | निवल मूल्य अनुपात प्रतिफल* | 11.69% | 17.71% |
| 16 | अपेक्षित ऋण शोधन सीमांत अनुपात पर उपलब्ध ऋण शोधन सीमांत | 2.14 | 2.03 |
| 17 | एनपीए अनुपात | | |
| | सकल एनपीए अनुपात | 0.79% | 0.00 |
| | निवल एनपीए अनुपात | 0.00 | 0.00 |

* भारत सरकार को किया गया 200 करोड़ रु का तदर्थ भुगतान शामिल नहीं है |

**नोट: यह सार्वजनिक प्रकटीकरण आईआरडीएआई परिपत्र सं आईआरडीए/एफ एंड आई/ सीआईआर/ एफ एंड ए/ 012/ 01/ 2010 दिनांक 28.11.2010 के अनुसार किया जाता है।**

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 28.05.2019

बोर्ड के लिए और उसकी ओर से

टि. एल. अलमेलू
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

बीमा आग्रह की विषय वस्तु है।

HO/19-20/1A/01

शिकायत निवारण के लिए कृप्या लोग ऑन करें http://www.aicofindia.com/AICEng/Pages/Grievance_Home.aspx

MORE THAN 15 YEARS IN FARMER SERVICE

भारत सरकार द्वारा स्थापित फसल बीमा विशेषज्ञ कंपनी

25.43% मार्केट शेयर के साथ फसल बीमा में मार्केट लीडर

वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान रु 6906.56 करोड़ के सकल प्रीमियम के मुकाबले रु 9649.81 करोड़ रुपए का दावा भुगतान किया गया, जिसमें 85 लाख से अधिक किसानों को लाभ हुआ।

*सम्पन्न भारत की पहचान, बीमित फसल खुशहाल किसान*